हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 9 अक्टूबर 2025
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

# कांग्रेस भवन की जमीन में खड़े होंगे वाहन, त्योहार तक पार्किंग स्थल पर पसरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दीपावली त्योहार को देखते हुए शहर के जयस्तंभ चौक में लगने वाले पसरा बाजार को व्यवस्थित करने की दिशा में नगर निगम द्वारा कार्य शुरू कर दिया गया है। आज जयस्तंभ चौक के समीप दोनों पार्किंग स्थल पर साफ-सफाई कर पसरा आवंटन के लिए निगम के इंजीनियरों द्वारा नापजोख का कार्य किया गया।

दीपावली त्योहार में खरीदी करने आने वाले लोगों को आवागमन में दिक्कत नहीं होने और जाम की स्थिति से निपटने के लिए जयस्तंभ चौक पर बीच सड़क में लगने वाले पसरों को व्यवस्थित किया जा रहा है। हालांकि नगर निगम द्वारा इन्हें जयस्तंभ चौक से नहीं हटाकर समीप के ही पार्किंग स्थल में दीपावली त्योहार तक दुकान लगाने जगह दी जा रही है। बीते दिनों व्यापारियों ने नगर निगम आयुक्त से जयस्तंभ चौक पर यातायात व्यवस्था को दुरूस्त कराए जाने को लेकर मांग की थी। वहीं सड़क के बीच लगने वाले पसरों से जाम लगने से व्यापार प्रभावित होने का हवाला भी दिया था। उन्होंने नगर निगम आयुक्त से दुकानदार और पसरा लगाने वाले दोनों के हितों को देखते हुए कार्य करने आग्रह किया था।यातायात व्यवस्था को बनाने के लिए निगम कर्मचारियों के अलावा यहां पर पुलिस के जवान भी तैनात किए गए हैं।

## दीपावली बाजार को लेकर जयस्तंभ चौक में नई व्यवस्था

### पर्याप्त नहीं होगी जगह

नगर निगम द्वारा सड़क के बीच से पसरा लगाने वाले लोगों को हटाकर जयस्तंभ चौक पर ही पार्किंग स्थल में 5 -5 फीट की जगह दिए जाने को लेकर कुछ पसरा लगाने वालों का कहना है कि उन्होंने दीपावली त्योहार के मद्देनजर काफी खरीदी की हुई है। ऐसे में पांच फीट का जगह सामान रखने पर्याप्त नहीं होगा। उन्होंने कहा है कि पूर्व में जैसी व्यवस्था बनी थी, इसी व्यवस्था पर पसरा लगाने दिया जाए।



### अस्थाई व्यवस्था

इधर कांग्रेस भवन में पार्किंग की जगह उपलब्ध कराने को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि कांग्रेस के लोग हमेशा जनहित के लिए काम करते हैं। आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने कहा कि सुगम यातायात व्यवस्था को देखते हुए जयस्तंभ चौक के पार्किंग स्थल पर पसरा लगाने वालों को अस्थाई शिफ्ट किया जा रहा है। सभी को एक बराबर पांच-बाय-पांच की जगह पसरा लगाने दी जा रही है।

### जयस्तंभ चौक त्योहार का मुख्य बाजार

दीपावली पर्व को लेकर पसरा लगाकर व्यापार करने वाले लगभग सभी लोग केवल त्योहारी सीजन में ही व्यापार करते हैं। इसके लिए उनके द्वारा काफी खरीदी भी की जाती है। शहर का जयस्तंभ चौक मुख्य बाजार क्षेत्र है, जहां पर व्यापार बेहतर होता है। इन पसरों में खासकर पूजन सामग्रियों की बिक्री की जाती है।

## दो साल से कम बच्चों को खांसी सिरप देना प्रतिबंधित

# पंद्रह मेडिकल दुकानों में दबिश दर्जनभर कंपनियों के भेजे सैंपल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कुछ प्रदेशों में कफ सिरप की वजह से हुई बच्चों की मौत के मामले में राजनांदगांव औषधि विभाग प्रतिबंधित सिरप को लेकर सतर्क है और मेडिकल दुकानों में जांच कार्रवाई की जा रही है। शासन से निर्देश प्राप्त होने के बाद लगभग 15 मेडिकल स्टोर में श्रीसन कोलड्रिफ सिरप की पड़ताल की गई, लेकिन कहीं भी इस कंपनी की सिरप नहीं मिली है। वहीं औषधि विभाग द्वारा एहतियातन अन्य 12 कंपनियों की सिरप के सैंपल लेकर जांच के लिए रायपुर भेजा गया है।

भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने एडवाइजरी जारी करते स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि दो वर्ष से कम आयु के बच्चों को किसी भी प्रकार की खांसी की सिरप नहीं दी जानी चाहिए। इसके बाद अब औषधि विभाग द्वारा मेडिकल स्टोर में सिरप को लेकर जांच कार्रवाई शुरू कर दी गई है। राजनांदगांव में लगभग 200 के करीब मेडिकल स्टोर और एजेंसियां हैं, जहां ड्रग इंस्पेक्टरों द्वारा निरीक्षण कर कफ सिरप का स्टॉक देखा जा रहा है।



### जांच कार्रवाई जारी

जिला औषधि नियंत्रक हिरेंद्र पटेल ने बताया कि शासन स्तर से प्राप्त निर्देशों का पालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में कोलड्रिफ सिरप की लगभग 10 वर्षों से सप्लाई नहीं है। वहीं अन्य 12 कंपनियों के सिरप का सैंपल जांच के लिए भेजा गया है। उन्होंने बताया कि निर्देश अनुसार 2 वर्ष से कम आयु के बच्चों को कफ सिरप नहीं दिया जाना है। इसको लेकर मेडिकल संचालकों को भी हिदायत दी गई है। वहीं औषधि विभाग द्वारा आगे भी जांच कार्रवाई जारी रहेगी।

### इन दवाई पर भी लगी रोक

छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस एवं कार्पोरेशन द्वारा विभिन्न अस्पतालों को सर्कुलर जारी कर स्टॉक उपलब्ध होने पर दवा वितरण पर रोक लगाकर उसे वापस दवा गोदाम भेजने का निर्देश जारी किया है। इन दवाओं में ओफ्लॉक्सासिन 200 एमजी, ऑर्निडाजोल टेबलेट 500 एमजी के बैच नंबर सीटी 24250404 का निर्माण सीएमजी बायोटेक प्रायवेट लिमिटेड द्वारा किया गया है। जारी निर्देश में इस बात का उल्लेख नहीं किया गया है कि बैक्टीरिया मारने की इस दवा के संबंध में किस तरह की शिकायत सामने आई है। दवा निगम इसके पूर्व भी अनेक तरह की दवाओं के उपयोग को प्रतिबंधित किया चुका है। वहीं अब इन दवाओं की पड़ताल भी की जा रही है।

### मेडिकल फर्म का निरीक्षण

भारत सरकार के स्वास्थ्य सचिव द्वारा 5 अक्टूबर को आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस के पश्चात खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने निगरानी और कार्रवाई को तेज कर दिया है। सहायक औषधि नियंत्रकों और औषधि निरीक्षकों को पत्र जारी कर निर्देशित किया गया है कि वे सभी औषधि विक्रय संस्थानों का तत्काल निरीक्षण करें, ताकि एडवाइजरी के उल्लंघन की कोई संभावना न रहे। इसके साथ ही निजी फार्मेसियों का आकस्मिक निरीक्षण भी किया जा रहा है।

# मालवाहकों में मवेशियों की तस्करी नौ अंतर्राज्यीय आरोपी गिरफ्तार

## खैरागढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

मवेशी तस्करों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत माल वाहकों में मवेशियों की तस्करी करने के मामले में पुलिस ने चार माल वाहक को पकड़ा। इन वाहनों में कुल 10 मवेशी बरामद किए गए। वहीं अंतर्राज्यीय 9 मवेशी तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार खैरागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 7 अक्टूबर को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के कुछ पशु तस्कर छत्तीसगढ़ से खैरागढ़ होते हुए मध्यप्रदेश की ओर मवेशियों को अलग-अलग पिकअप वाहनों में भरकर क्रूरतापूर्वक कत्ल खाना ले जा रहे हैं।

### वाहनों की जांच में पकड़ाए

सूचना पर पुलिस टीम तैयार की गई तथा बालाघाट रोड पर पिकेट लगाकर वाहनों की सघन जांच शुरू की गई। जांच के दौरान चार माल वाहकों में मवेशियों को ले जाते पकड़ा गया। जिसमें दो वाहनों में दो-दो नग भैंसा व दो वाहनों में तीन-तीन नग भैसा बरामद किया गया।



### मामले की विवेचना जारी

पुलिस के अनुसार प्रकरण में जब्त वाहनों को राजसात की कार्रवाई हेतु पृथक से अग्रेषित किया जा रहा है तथा अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता के संबंध में बारीकी से विवेचना जारी है।

### पुलिस ने दर्ज किया अपराध

पुलिस के अनुसार उक्त चारों वाहनों के चालक एवं परिचालक से मवेशियों के परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु कहा गया, किन्तु कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। मामले में प्रथम दृष्टया धारा 4, 6, 10 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004, धारा 11(1)(डी)(ई)(एफ) पशुक्रूरता निवारण अधिनियम 1960 एवं मोटरयान अधिनियम की धारा 130(1)/177, 3/181, 5/180, 146/196, 66/192 के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

### वाहन व मोबाइल जब्त

पुलिस ने इस मामले में आरोपी हेमराज 42 वर्ष ग्राम डोंगरगांव जिला बालाघाट, लकेश 23 वर्ष ग्राम चोरेगा जिला बलौदाबाजार, छबि वासुदेव 27 वर्ष ग्राम चौरंगा जिला बलौदाबाजार, सातेश 30 वर्ष ग्राम चौरंगा जिला बलौदाबाजार, सागर 21 वर्ष ग्राम चौरंगा जिला बलौदाबाजार, नरेंद्र 26 वर्ष ग्राम डोंगरगांव जिला बालाघाट, नोहर 45 वर्ष ग्राम सावरीखुर्द जिला बालाघाट, संतोष 35 वर्ष ग्राम डोंगरगांव जिला बालाघाट, कृष्णकुमार 26 वर्ष ग्राम डोंगरगांव जिला बालाघाट को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपियों से 10 मवेशी, चार माल वाहक एवं 8 मोबाइल बरामद किया गया है।

# पुलिस ने 27 मोबाइल फोन खोजकर धारकों को लौटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

थानों में मोबाइल गुम होने की आवेदकों ने शिकायत की थी, जिस पर पुलिस लगातार मोबाइल की खोजबीन में जुटी हुई थी। पुलिस ने इस अभियान में 3 लाख के 27 से अधिक गुम मोबाइल को खोजकर धारकों को लौटाया।

जिला केसीजी पुलिस की सायबर टीम ने बेहतरीन तकनीकी प्रयास से महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न स्थानों से 3 लाख रुपए मूल्य के 27 गुम मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिसे 7 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित "गुम मोबाइल भेंट कार्यक्रम" में 27 मोबाइल के वास्तविक मालिकों को सौंपे गए।



### मोबाइल मिलने पर खिले चेहरे

जिनकी दीपावली के पहले अपने-अपने मोबाइल को पाकर मन में खुशी और चेहरे खिल उठे। पूर्व में भी 2 सितंबर को गुम हुए 80 मोबाइल की रिकवरी कर मोबाइल स्वामियों को वापस किया गया था। सभी ने केसीजी पुलिस और सायबर टीम के इस प्रयास के लिए आभार व्यक्त किया।

# नशीली दवाई की सप्लाई, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नशीले पदार्थ की तस्करी एवं अवैध रूप से बिक्री करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई अभियान छेड़ा है। जिसके तहत कोतवाली एवं साइबर सेल पुलिस की संयुक्त टीम ने नशीली दवाई सप्लाई करने वाले व अवैध रूप से बिक्री करने वालों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक नंदकिशोर गौतम के नेतृत्व में अवैध रूप से गांजा, शराब, नशीली दवाईयां टेबलेट के बिक्री के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

### मिली थी सूचना

पुलिस के अनुसार 7 अक्टूबर को पुलिस को सूचना मिली कि ट्रक के चालक किशोर सिन्हा महाराष्ट्र से नशीली टेबलेट लाकर राजनांदगांव में बिक्री करता है। आज महाराष्ट्र से नशीली टेबलेट लेकर आ रहा है।



### पूर्व में भी की गई थी कार्रवाई

ज्ञात हो कि पूर्व में भी डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा 2 प्रकरणों में 127 नग नशीली टेबलेट और थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 1 प्रकरण में 1499 नग नशीली टेबलेट जब्त किया गया। ओडिसा, बिहार से आरोपियों को गिरफ्तार कर नेटवर्क को तोड़ा गया है। इंड टू इंड की विवेचना की जा रही है।

### नाकेबंदी कर ट्रक को पकड़ा

सूचना पर तत्काल थाना सिटी कोतवाली एवं सायबर सेल पुलिस की संयुक्त रूप से टीम गठित कर न्यू चंद्रा कॉलोनी के पास जीई रोड़ किनारे राजनांदगांव में नाकेबंदी कर ट्रक आते दिखाई देने पर उसे रोककर ट्रक के चालक एवं ट्रक में सवार व्यक्ति को नीचे उतारकर नाम व पता पुलिस ने पूछा।

### नशीली टेबलेट बरामद

जिस पर आरोपियों ने अपना नाम किशोर सिन्हा, किशन सेन बताया। जिनकी तलाशी लेने पर दोनों व्यक्ति के जेब में नशीली गोलियां 2 पैकेट नाइट्रोसम-10 टेबलेट कुल 190 नग कीमती 1482 रुपए बरामद हुआ। पूछताछ पर ट्रक चालक किशोर सिन्हा द्वारा नाइट्रोसम-10 टेबलेट को महाराष्ट्र से खरीदकर राजनांदगांव लाकर किशन सेन एवं विशाल मिश्रा को देता है। उक्त नशीली टेबलेट को किसन सेन एवं विशाल मिश्रा द्वारा राजनांदगांव शहर में बिक्री करता है। जिनके के कब्जे से नशीली नाइट्रोसम-10 टेबलेट 190 नग कीमती 1482 रुपए, 3 नग टच स्क्रीन मोबाइल कीमती 30,000 रुपए एवं ट्रक को जब्त किया कर धारा 21 (बी) नारकोटिक ड्रग्स और साइकोट्रोपिक पदार्थ (एनडीपीएस) एक्ट पंजीबद्ध कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर 8 अक्टूबर को कार्रवाई की गई।

### 10 को रक्तदान शिविर

**राजनांदगांव।** सुकुलदैहान समीपस्थ सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम पेंडरी में चातुर्मास पर्व अंतर्गत 10 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से परम पूज्य महात्मा श्री लेखचंद साहेब के 61वां जन्म दिवस पर आध्यात्मिक दिव्य सत्संग-प्रवचन भजन एवं वृहद स्तर पर रक्तदान शिविर एवं एलोपैथिक/आयुर्वेदिक निः शुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन रखा गया है। यह जानकारी सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम के अध्यक्ष फलेश कुमार साहू ने दी है।

### माय एंगल




## आयुक्त की सूझबूझ से चली व्यवस्था, दो दिन बाद पहुंचा एलम

# मोहारा वाटर प्लांट में फिर गहराया एलम संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के मोहारा फिल्टर प्लांट में एक बार फिर ठेकेदार की लापरवाही के चलते पेयजल को शुद्ध करने उपयोग में लाया जाने वाला एलम दो दिनों तक खत्म हो गया था, लेकिन इस बार नगर निगम द्वारा बनाई गई नई व्यवस्था के चलते शहर में पेयजल संकट नहीं हुआ और फिल्टर प्लांट भी 24 घंटे चालू रहा।

ठेकेदार द्वारा मोहारा फिल्टर प्लांट में समय पर एलम की सप्लाई नहीं कराए जाने की वजह से एलम खत्म होने जैसा मामले बार-बार हो रहे हैं। इससे पहले भी बीते 22 जुलाई को मोहारा फिल्टर प्लांट में एलम खत्म होने की वजह से पानी फिल्टर नहीं हो पाया था। जिसके चलते जलापूर्ति ठप हो गई थी। वहीं अब बीते 6 अक्टूबर को एक बार फिर ठेकेदार के स्टॉक का एलम खत्म हो गया। इसके बाद नगर निगम से रिजर्व रखा गया एलम ठेकेदार को दिया गया। जिससे दो दिनों तक पेयजल की व्यवस्था सुचारू बनी रही। वहीं आज 10 टन एलम का स्टॉक फिल्टर प्लांट पहुंचा है।

### 10 टन एलम पहुंचा

मोहारा फिल्टर प्लांट में अमृत मिशन का कार्य देखने वाले तेजस कंपनी के इंचार्ज नितिन पाटिल ने कहा कि आज 10 टन एलम पहुंच गया है। वहीं 35-35 टन के दो स्टॉक और आएंगे। उन्होंने कहा कि एलम का स्टाक खत्म होने पर निगम के स्टोर से लगभग 5 टन एलम लिया गया था, जिसे स्टोर को वापस किया जाएगा।



### प्रतिदिन ढाई टन एलम की खपत

मोहारा फिल्टर प्लांट में तीनों प्लांट चालू है, जहां पर एलम का उपयोग पानी साफ करने के लिए किया जा रहा है। प्रतिदिन इन तीनों प्लांट में 48 सिल्ली लगभग ढाई टन एलम की खपत हो रही है। इसके बाद भी ठेकेदार द्वारा भरपूर स्टाफ नहीं रखा जा रहा है।

### एलम का रिजर्व स्टॉक

नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा का कहना है कि एलम खत्म होने से गंदा पानी आने वाली कोई स्थिति निर्मित नहीं हुई। उन्होंने बताया कि नगर निगम में एलम के दो स्टोर है। जिसमें एक स्टोर ठेकेदार का और एक स्टोर निगम का है। निगम के स्टोर में 20 टन एलम रिजर्व रखा रहता है, जो लगभग एक सप्ताह के लिए पर्याप्त होता है। ठेकेदार के स्टोर का एलम खत्म होने पर इस एलम का उपयोग किया जाता है। उन्होंने कहा कि शहर की जनता को शुद्ध पेयजल मिले, इसके लिए इंजीनियरों की ड्यूटी लगाई गई है, जो सतत मॉनिटरिंग करते हैं।

### निगम ने बनाया अलग एलम स्टोर

बीते 22 जुलाई को एलम खत्म होने की वजह से पानी फिल्टर नहीं हो पाया था और शहर में पेयजल सप्लाई ठप हो गई थी। ऐसा पहली बार हुआ था। जिससे सबक लेते हुए नगर निगम आयुक्त द्वारा मोहारा फिल्टर प्लांट में एलम के दो स्टोर बनवाए गए हैं। जिसमें ठेकेदार के स्टोर के अलावा अब नगर निगम का अपना अलग-अलग स्टोर है। जिसमें रिजर्व के तौर पर लगभग 20 टन एलम रखा जाता है। 2 दिन पहले एलम खत्म होने पर इसी स्टोर से एलम की सप्लाई की गई है। जिसकी वजह से पेयजल आपूर्ति बाधित नहीं हुई।

# अवैध रूप से शराब की बिक्री, 196 पौवा जब्त

- डोंगरगांव पुलिस का अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर कुल 196 पौवा शराब जब्त कर दो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत 7 अक्टूबर को पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम घुघवा निवासी प्रीतम साहू नामक व्यक्ति घुघवा खार धान मंडी के पीछे मुक्तिधाम के पास शराब रखकर अवैध रूप से बिक्री करने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है।



### आरोपियों पर कार्रवाई

सूचना मिलने पर पुलिस स्टाफ घटनास्थल हेतु रवाना होकर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई किया। जिसके पास से 180 पौवा शोले देशी शराब कीमती 14400 रुपए एवं शराब बिक्री रकम 400 रुपए कुल जुमला कीमती 14800 रुपए को बरामद कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर ज्युडिशियल रिमांड पर न्यायालय राजनांदगांव में पेश किया गया, जो जेल दाखिल किया गया। एक अन्य अपराध में गजाधर सोनकर निवासी बरसनटोला के पास से 16 नग देशी पाव शराब मिलने पर 34(1) की कार्रवाई की गई।



जिले का सबसे बड़ा शोरुम डोंगरगांव में फैमिली शॉप थोक भाव में रिटेल कपड़ा दुकान
प्रशांत होलसेल बाजार
पुराना स्टेट बैंक, फव्वारा चौक के समीप, डोंगरगांव
संपर्क सूत्र : सौरभ - 9981640064, प्रशांत - 8962960000
सभी कपड़े मार्केट रेट से 20% से 30% तक कम दाम में
शेरवानी, सूट, ब्लेजर, साड़ियां, रेडीमेड, लायचा, होजयारी, हैंडलूम, सूटिंग, फर्निशिंग, शर्टिंग, किड्स वियर


## खबर संक्षेप

### सीसी रोड़ का भूमिपूजन



**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत बहेराभाठा के आश्रित ग्राम मालाडाबरी में सीसी रोड का भूमिपूजन विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस और ग्रामीणजन मौजूद थे।

### आडिशन में सफल हुई दीक्षा अग्रवाल



**डोंगरगढ़।** नगर की कत्थक नृत्यांगना दीक्षा अग्रवाल ने हाल ही में दूरदर्शन के आडिशन में सफलता प्राप्त किया है। दीक्षा ने इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ कत्थक में स्नातक की डिग्री हासिल किया है। वर्तमान में वह कत्थक केंद्र नई दिल्ली में प्रसिद्ध कत्थक नृत्यांगना गुरु गौरी दिवाकर के सानिध्य में उच्च शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। वह अपनी इस उपलब्धि को स्व दादा द्वारकाप्रसाद अग्रवाल को समर्पित करती हैं, जिनसे उन्हें हमेशा प्रेरणा और संस्कार मिले।

### श्रद्धा से मनाया वाल्मिकी प्रगट दिवस



**डोंगरगढ़।** रामायण के रचयिता वाल्मीकी का प्रगट दिवस का धूमधाम से समाज के अध्यक्ष तरुण हत्थेल के नेतृत्व में मनाया गया। कार्यक्रम में सुदर्शन वाल्मीक समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान श्री हथेल ने छत्तीसगढ़ और केंद्र सरकार से वाल्मिकी प्रकट दिवस पर अवकाश देने की मांग की। इस दौरान शोभायात्रा निकाला गया जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, नवयुवक, बुजुर्ग और बच्चों ने हिस्सा लेकर नगर भ्रमण किया। सभी ने पूजा-अर्चना कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस आयोजन में माँ शीतला महिला समिति, नवयुवक रघुनंदन समिति और समाजिक जनों ने सहयोग दिया। शोभायात्रा का रेलवे चौक व्यपारी, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, हनुमान भक्त युवा समिति गोलबाजार ने स्वागत किया।

### अध्यक्ष के लिए विष्णु लोधी ने भी किया दावेदारी



**डोंगरगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने भी दावेदारी की है। उनका कहना है कि वह संगठन और जनसेवा के लिए जिम्मेदारी लेना चाहते हैं। वह पद के माध्यम से जनता का विश्वास हासिल कर कार्यकर्ताओं का सम्मान करते हुए संगठन को मजबूत करना चाहते हैं। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से संगठन की मजबूती के लिए साथ आने और गांव गांव तक कांग्रेस की पहुँच बढ़ाने में योगदान देने का आव्हान किया है। उन्होंने निष्क्रिय कार्यकर्ताओं को सक्रिय बनाने, युवाओं, किसानों और महिलाओं को जोड़कर संगठन को नई ऊर्जा देने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि संगठन ने मौका दिया तो हर वर्ग, हर समाज और हर कार्यकर्ता को साथ लेकर कांग्रेस को नई ऊँचाइयों पर ले जाने का प्रयास करेंगे।
प्राकृतिक संतुलन के लिए वन्य प्राणियों की करें रक्षा

### अर्जुनी कालेज में प्रेरक कार्यक्रम आयोजित



**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में 10 अक्टूबर को वन्य जीव संरक्षण सप्ताह अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शीतल यादव, दुर्गा देवांगन, गणेश्वरी एवं पूजा भुआर्य आदि वन्य जीव संरक्षण पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार प्रस्तुत किए। तत्पश्चात कंचन साहू ने वन्य जीव के महत्व, उनके संरक्षण एवं भौगोलिक विविधताओं को रेखांकित करते हुए अनेक महत्वपूर्ण जानकारियां दी। कार्यक्रम के संयोजक हरवंश चौरगे ने विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि वन्य जीव पर्यावरण एवं प्रकृति में संतुलन स्थापित करता है परंतु मानव अपने स्वार्थ के कारण वन्य जीवों का शिकार करता है जिससे साल दर साल वन्य जीव की संख्या नगण्य होते जा रही है। कई जीव जंतु विलुप्ति के कगार पर हैं जिससे पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ गया है। अंतिम कड़ी में डॉक्टर संजू सिंह ने कहा कि वन्य जीव को संरक्षित करना सभी का कर्तव्य है। घर में पशु पक्षी पालने के अलावा चमड़े से बनी वस्तुओं पर प्रतिबंध लगाना होगा क्योंकि चमड़ा जानवरों के खाल से बनता है। इस दौरान छात्र-छात्राओं के साथ मोनीष खान, चंद्रकांत कुंभकार, ओमप्रकाश सहारे, चांदनी पराते, योगिता ठाकुर, डॉ काव्या जैन, डॉ हेमलता विरदी उपस्थित थे। संचालन एवं आभार प्रदर्शन शुभि जैन ने किया।

### प्लास्टर गिर रहा, मरम्मत के बाद भी स्थिति खराब

# जर्जर स्कूल भवन, छत से टपकता है पानी, खतरे के बीच पढ़ाई कर रहे बच्चे

## वनांचल के स्कूल भवनों की हालत खस्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

मोहला ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम पदगोंदी के बच्चो को अपना जीवन दाव में लगाकर क, ख, ग पढ़ रहे है। इस स्कूल के विद्यार्थी ही नही शिक्षक भी हमेशा अनहोनी की आशंका से घबराए रहते है। पालक भी अपने बच्चों को स्कूल भेजने के पहले कि कई बार सोचते है लेकिन मजबूरी यह है कि आस पास में अन्य स्कूल नही होने से उन्हे गांव के जर्जर शाला भवन में बच्चों को पढ़ने भेजना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार पदगोंदी का प्राथमिक शाला भवन जर्जर हो गया है। दीवारों में सीपेज आ रहा है। छत एवं दीवारों का प्लास्टर गिर रहा है। विद्यार्थियो को सुरक्षित रखने स्कूल भवन के उपर एवं अंदर पालीथिन लगाया गया है जिसके बाद भी बारिश होने से छुटटी करना पड़ जाता है। जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से महज 15 किमी की दुरी पर स्थित पदगोंदी में प्राथमिक शाला भवन का निर्माण 2012-13 में हुआ है।

घटिया निर्माण के चलते यह भवन मात्र 12- 13 साल में जीर्ण शीर्ण हो गया है। निर्माण के दौरान ग्रामीणों ने गडबड़ी की शिकायत किया था किन्तु प्रशासन के ध्यान नहीं देने से अल्प समय में स्कूल भवन जर्जर की श्रेणी में आ गया है।





### निर्देश दिए गए

एसडीएम डॉ हेमेन्द्र भुआर्य ने बताया कि शाला भवन की स्थिति को लेकर शिकायत मिली है। स्कूल षिक्षा विभाग के अधिकारियो को जांच एवं भवन की मरम्मत कराने का निर्देश दिया गया है।

### मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति

शाला विकास समित की अध्यक्ष टोमिनबाई ने बताया कि वह जर्जर भवन को लेकर शिकायत करते रही है। लगातार प्रयास के बाद भवन मरम्मत के लिए राशि मंजूर हुई थी। दो साल पहले स्कूल भवन मरम्मत कार्य में खानापूर्ति किया गया। राशि तो खर्च कर दिया गया लेकिन भवन की हालत में सुधार नहीं हुआ। मरम्मत के बाद स्थिति और भी उलट हो गई है। प्रधान पाठक देवप्रसाद कोमरे ने बताया कि 2023- 24 में भवन मरम्मत कराया गया था। मरम्मत कार्य बीआरसी के माध्यम से हुआ था। मरम्मत के बाद भी स्कूल में पहले जैसे ही पानी टपक रहा है। प्लास्टर नीचे गिर रहा है। बारिश से बच्चों को बचाने के लिए छत के उपर व अंदर पालीथिन लगाना पड़ा है।

### फिर रौशन हुआ हाई मास्क लाइट



**सड़क अतरिया।** ग्राम के मुख्य चौक में लाखों की लागत से हाई मास्क लाईट लगाया गया था। छह लाईट में से एक लाईट काफी दिनों से बंद होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। लाईट बंद होने से एक छोर अंधेरा रहता था। पंचायत ने विभाग को इसकी शिकायत दो माह पहले ही कर दिया था। जिसे बुधवार को दुरुस्त किया गया। अब सभी लाईट जल रही हैं।

### बाइक रैली आज

**सड़क अतरिया।** भाजयुमो अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा का कल गुरूवार को जिला भाजपा कार्यालय खैरागढ़ में आगमन हो रहा है। नवनियुक्त अध्यक्ष के पहली बार जिला आने पर उसके स्वागत में नर्मदा भाजयुमो द्वारा भव्य बाईक रैली निकाला जाएगा। रैली नर्मदा मंदिर से सुबह 9 बजे माता रानी की पूजा अर्चना कर खैरागढ़ के लिए रवाना होगी। युवा मोर्चा नर्मदा के अध्यक्ष बालकिशन जंघेल ने सभी युवाओं से रैली में शामिल होने की अपील की है।

### मिलावटी जेवरों की बिक्री

**डोंगरगढ़।** शहरर में इन दिनों सोना चांदी का अवैध कारोबार चल हैं। सोना और चांदी के दाम में आई तेजी के बाद भी क्षेत्र में गहनों की खरीदी बढ़ी है। क्षेत्र के कई दुकानदार जीएसटी में छूट का लालच देते हुए कम कीमत बताकर मिलावट वाले जेवर बेच रहे हैं। बताया जाता है कि शहर में निम्न स्तर के जेवर चोरी छुपे व्यापारियों तक पहुंच रहा है जिसे बिना टैक्स दिए बेचकर व्यापारी जमकर कमाई कर रहे है। पता चला है कि शहर के कुछ व्यापारियों ने बड़े पैमाने पर बिना बिल के सोना चांदी और जेवर खरीदा है।

## शोध पत्र लेखन एवं वाचन पर प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नेहरू महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ.ईवी रेवती के मार्गदर्शन में 10 दिवसीय शोध पत्र लेखन एवं वाचन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों को शोध लेखन एवं प्रस्तुतीकरण की प्रविधियों से अवगत कराना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. आरआर कोचे एवं समिति सदस्य डॉ. नौशीन अंजुम के निर्देशन में आयोजित किया गया है। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. रेवती ने कहा कि छात्र जीवन स्वयं में नवीन ज्ञान की खोज है। जब विद्यार्थी शोध की दिशा में कार्य करते हैं, तो न केवल उनका बौद्धिक विकास होता है बल्कि वह भविष्य में उत्कृष्ट अवसर भी प्राप्त करते हैं। डॉ कोचे ने शोध की महत्ता और आवश्यकता को रेखांकित किया। इसके उपरांत डॉ. नौशीन अंजुम ने 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की दैनिक रूपरेखा प्रस्तुत की। पहले दिवस वैज्ञानिक शोध, शोध प्रविधियों एवं शोध विषय के चयन पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रशिक्षण का समापन 15 अक्टूबर को होगा।

## ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष ने स्वदेशी पर दिया जोर

### नगर में हुआ जोशीला स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व विधायक अशोक साहू के नगर आगमन पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने ज़ोरदार स्वागत किया। साहू धर्मशाला में आयोजित बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष मदन साहू, अनिल गुप्ता, नरसिंह भंडारी, अरुण यादव, ढालसिंह कौशिक, नेहरू रजक, आशीष द्विवेदी, संदीप साहू, अमित श्रीवास्तव, कमल तापड़िया, प्रकाश मिश्रा आदि ने अशोक साहू सहित गीता घांसी साहू, खिलावन साहू आदि का स्वागत किया। जिला कोषाध्यक्ष राजेश गुजराती ने श्री फल एवं शाल से स्वागत किया। इस अवसर पर गुलाब गोस्वामी, भारत भूषण राजपूत, पवन गुप्ता, अज्जू, देवनारायण कुंभकार, किशोर, अम्बर जोशी मौजूद थे।

### योजनाओं पर चर्चा

श्री साहू ने साहू धर्मशाला में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की जनहितैषी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। श्री साहू ने कहा कि सरकार की योजनाएं समाज के हर वर्ग तक पहुँच रही हैं, और यह सुनिश्चित करना कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा देने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी अपनाने से स्थानीय कारीगरों और छोटे उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा।

### लंबे समय बाद कांग्रेस में दिखी सक्रियता

# वन-टू-वन चर्चा कर कांग्रेस के चुनाव प्रभारी ने जानी कार्यकर्ताओं की राय



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

आखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के बहु प्रतीक्षित संगठन सृजन अभियान के तहत क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलन संसदीय क्षेत्र के प्रभारी चरणसिंह सपरा मंगलवार को नगर प्रवास पर पहुंचे। उन्होंने कार्यकर्ताओं ने वन टू वन चर्चा कर नए जिला अध्यक्ष के संभावित नाम की तलाश किया।

इंदिरा प्रियदर्शनी सांस्कृतिक भवन पहुंचने पर श्री सरपा का कांग्रेसजनों ने जोशीला स्वागत किया। इस दौरान शाहिद भाई, बिरेश ठाकुर एवं विधायक दलेश्वर साहू, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान, जिला इंका अध्यक्ष भागवत साहू, प्रदीप शर्मा मौजूद थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में ब्लाक कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष गणेश साहू, मंडल अध्यक्ष डॉ. नरेन्द्र साहू, शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष संध्या साहू ने सभी कांग्रेसजनों का स्वागत किया।

### उमड़े कार्यकर्ता

श्री सरपा के नगर प्रवास के दौरान कांग्रेसजनों में काफी उत्साह देखा गया। उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव के बाद से संगठनात्मक गतिविधियां थम सी गई है वहीं कार्यकर्ता नेतृत्व शून्यता से भी जूझ रहे हैं। इस दौरान उम्मीद से अधिक कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र यादव, बीरेन्द्र बोरकर, मुश्ताक खान, वैशाली बोरकर, संजय संचेती, सुयश नाहटा, चन्द्रशेखर उइके, रवि साहू, दीपक देवांगन, महेन्द्र वैष्णव, पुष्पदेवी यदु, नियाजुद्दीन सोलंकी, महेश सेन, बलिराम साहू, अरूणा देवांगन सहित अन्य बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### वन टू वन चर्चा

कार्यक्रम में सबसे पहले मंडल अध्यक्ष डां साहू ने कार्यक्रम की महत्ता पर अपनी बात रखा। तत्पश्चात श्री सरपा ने कार्यकर्ताओं के जयकारे के साथ सभी की मुक्त कंठ से तारीफ किया। उन्होंने बताया कि कांग्रेस नेतृत्व ऊपर से नीचे तक मजबूत करने की दिशा में काम कर रहा है इसी कड़ी में सृजन अभियान के तहत कार्यकर्ताओं की मंशा के अनुसार पदाधिकारियों की टीम तैयार किया जाना है। उन्होंने बताया कि कार्यकर्ताओं से मिले फीडबैक से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के समक्ष रखेंगे।

### युवा मंच के ब्लॉक अध्यक्ष बने आदित्य



**डोंगरगढ़।** राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष ललित मिश्रा के निर्देशानुसार प्रदेश सचिव मिनेश मिश्रा, जिलाध्यक्ष युवा मंच नितिन शुक्ला की अनुशंसा पर सर्व ब्राह्मण युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत शर्मा ने आदित्य मिश्रा को ब्लाक अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभचिंतक एवं युवाओं ने बधाई दी है।

## डोंगरगढ़ को विश्व विरासत में शामिल करने की प्रक्रिया शुरू

**डोंगरगढ़।** नगर को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में सम्मिलित किए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। यूनेस्को की निरीक्षण टीम ने हाल ही में डोंगरगढ़ का दौरा किया और नगर की ऐतिहासिक, भौगोलिक विशेषताओं का अध्ययन किया। इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए यूनेस्को टीम ने नेहरू महाविद्यालय के इतिहास विभाग से सहयोग लिया। इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ आशा चौधरी से टीम से औपचारिक चर्चा की तथा नगर के इतिहास और भूगोल से संबंधित संपूर्ण दस्तावेज प्रस्तुत किया।



डां. चौधरी ने नगर के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और भौगोलिक पहलुओं की समग्र जानकारी यूनेस्को प्रतिनिधियों को सौंपते हुए बताया कि यह नगर प्राचीन धार्मिक आस्था, पर्वतीय प्राकृतिक संरचना तथा पर्यटन की दृष्टि से विशिष्ट स्थल रहा है। उन्होंने डोंगरगढ़ की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, धार्मिक महत्व, भौगोलिक स्थिति, पुरातात्त्विक स्थलों और सांस्कृतिक विरासत की विस्तार से जानकारी प्रस्तुत की। यूनेस्को टीम ने डॉ. चौधरी द्वारा तैयार रिपोर्ट की सराहना की और स्थानीय प्रशासन और जनसमुदाय से सहयोग लेकर आगे की प्रक्रिया को गति देने की बात कही। डॉ. चौधरी के इस प्रयास के लिए प्राचार्य डॉ.ईवी रेवती सहित समस्त महाविद्यालय परिवार ने उन्हें बधाई दी है।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पटाखा दुकानों का आबंटन 11 को

**डोंगरगांव।** नगर प्रशासन द्वारा शहर में लगने वाली पटाखा दुकानों का आबंटन आगामी 11 अक्टूबर को अपरान्ह बाद किया जाएगा। लाईसेंसी पटाखा व्यवसायियों को नवीनीकृत लाईसेंस की स्व प्रमाणित प्रतिलिपि के साथ आवेदन 11 अक्टूबर को 3 बजे तक भूखण्ड आबंटन शुल्क एक हजार के साथ जमा करना होगा।

### कांग्रेस नेता ने लिया फसल का जायजा



**सड़क अतरिया।** बेमौसम बारिश से सोयाबीन की फसल बर्बाद होने की जानकारी मिलने के बाद बुधवार को जिला किसान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कामदेव जंघेल ने कुकुरमुड़ा, सड़क अतरिया, भरदा, पंडरिया, ओटेबंद आदि गांव का दौरा कर फसल की स्थिति की जानकारी लिया। उन्होंने किसानों से मुलाकात किया। कुकुरमुड़ा में फसल अवलोकन करने फसल बीमा कंनी के कर्मचारी भी पहुंचे थे। कामदेव जंघेल ने उन्हें भी फसल की वास्तविक स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कटाई के समय अधिक वर्षा होने से सोयाबीन की फसल बर्बाद हो गई है। कृषकों ने कर्ज लेकर बीज, खाद, दवा खरीद कर फसल तैयार किया था किन्तु फसल कटाई के समय लगातार बारिश होने से फसल चौपट हो गई है। उन्होंने बीमा कम्पनी एवं सरकार से किसानों को आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

### भाजपाइयों ने किया किसान मोर्चा अध्यक्ष का स्वागत



**गंडई पंडरिया।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर का गंडई मंडल में जोरदार स्वागत किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं और किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने उत्साह के साथ उनका अभिनंदन किया। गंडई मंडल में रुकने के दौरान ऊर्जा से भरे अध्यक्ष ठाकुर ने कार्यकर्ताओं में नया जोश भर दिया। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि भाजपा के साथियों और किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं को केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए मील का पत्थर बनना चाहिए। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि इसी ऊर्जा और समर्पण के साथ जनसेवा करते रहे और सुनिश्चित करें कि योजनाओं का लाभ हर ज़रूरतमंद तक पहुँचे। श्री ठाकुर के आगमन से स्थानीय कार्यकर्ताओं का मनोबल ऊँचा हुआ। इस दौरान मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर, जिला पंचायत प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, जनपद उपाध्यक्ष राजू जंघेल सहित बड़ी संख्या में भाजपा के लोग उपस्थित थे।

## पर्यवेक्षक सपरा के आगमन से जिले के कांग्रेसजनों में अभूतपूर्व उत्साह

# जनता का बेटा होगा जिले का नेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे हैं संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले के पर्यवेक्षक मुंबई कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता चरण सिंह सपरा के प्रवास पर जिले के कांग्रेसजनों में अभूतपूर्व उत्साह का संचार देखा गया। अभियान के उद्देश्यों से कांग्रेसजनों को अवगत कराते हुए कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत जिले के बेटा को संगठन का नेतृत्व मिलेगा कांग्रेस पार्टी को मजबूत हम सब मिलकर करेंगे।

श्री सपरा ने कहा कि यहां नेतृत्व की कमी नहीं है स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और लोकतांत्रिक प्रक्रिया कांग्रेस पार्टी की रीति और नीति है। राष्ट्रीय नेतृत्व कार्यकर्ताओं की मंशा को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर पार्टी को आगे बढ़ाना चाहती है। इस क्षेत्र में कांग्रेस की मजबूत स्थिति को देखकर खुशी हो रही है। आज भाजपा मात्र अपने पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए सर्वहारा वर्ग के हितों पर चोट पहुंचा रही है विशेष कर आदिवासियों के हितों पर इसलिए हमें भाजपा की कुनीति के खिलाफ मजबूती से खड़े होना है। संगठन सृजन के माध्यम से कांग्रेस के सशक्त और मजबूत नेतृत्व का चयन कर पार्टी को आगे बढ़ाना ही संगठन सृजन का मूल उद्देश्य है। सरप्लस बिजली वाले छग राज्य में तो जनता बिजली की मार झेलने को विवश है प्रदेश में शराब और अपराध का साम्राज्य है। जनता को योजनाओं के नाम पर सिर्फ छला जा रहा है। आप सबके बीच आप लोगों की भावना जानने आया हूं। बारी-बारी से वरिष्ठ जन कांग्रेस, मोर्चा संगठन के पदाधिकारीगण एवं कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता की भावना को सुनकर शीर्ष नेतृत्व को अवगत कराना पहली प्राथमिकता है। आप कांग्रेसजनों का उत्साह से साफ हो रहा है कि यह जिला कांग्रेस का अभेद गढ़ है।



### कांग्रेस नेता रहे उपस्थित

संगठन सृजन आयोजन में सह प्रभारी विधायक संदीप साहू, उपाध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस वीरेश ठाकुर, प्रदेश महामंत्री शाहिद भाई, विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा, हर्षिता बघेल, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे, पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, राजा गिरिराज किशोर दास, अध्यक्ष नगर पंचायत नम्रता वैष्णव, पद्मा सिंह, मिहिर झा, छोटे राजा देवराज किशोर दास, शताक्षी देवव्रत सिंह, रामकुमार पटेल, भीखम छाजेड़, आकाशदीप सिंह, सुरेंद्र सिंह, सज्जाक खान, संजीव दुबे, सुदीप श्रीवास्तव, गोकुल चंदेल, लाल टारकेश्वर शाह ख़ुशरो, मोहम्मद खान, अय्यूब कुरैशी, अरशद हुसैन, राजा सोलंकी, रूखमणि देवांगन, लालू महोबिया, गुलशन तिवारी, सुनील सिंह ठाकुर, दीपक अग्रवाल, संदीप सिरमौर, दुर्गेश साहू, नदीम मेमन, पलाश सिंह, कपिनाथ महोबिया, आरती महोबिया आदि जिला उपस्थित थे।

### दर्जनभर नेताओं ने की दावेदारी

संकल्प सृजन अभियान के तहत जिला कांग्रेस कमेटी के दावेदारों में मिहिर झा, कोमल साहू, भिगेश यादव, हेमंत वैष्णव, रमेश साहू, रणजीत चंदेल, सुनील पांडे, अशोक साहू, दुर्गेश साहू, कन्हैया बैश, दशमत जंघेल सहित लगभग 15 लोगों ने दावेदारी प्रस्तुत किया। कांग्रेस की बैठक में लगभग पूरे जिले से दो हजार कार्यकर्ता उपस्थित थे, जो अपने-अपने नेताओं के साथ समर्थक बनकर आए थे।



# शिक्षकों ने किया नए बीईओ सुधाकर का भव्य स्वागत

- शैक्षणिक कार्यों से जुड़ी चुनौतियों को कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

देवरचा संकुल के शिक्षकों ने विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण करने पर गिरेंद्र सुधाकर से मुलाकात कर बधाई दी। उनकी नियुक्त से शिक्षकों में उत्साह और प्रसन्नता का माहौल देखा जा रहा है।

शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य भेंट कर बीईओ श्री सुधाकर को पुष्पगुच्छ भेंट किया। इस दौरान शिक्षकों ने शैक्षणिक कार्यों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और चुनौतियों से उन्हें अवगत कराया। बीईओ श्री सुधाकर ने शिक्षकों को भरोसा दिलाया कि शिक्षा व्यवस्था और बेहतर बनाने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे तथा शिक्षकों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाएगा। इस अवसर पर बीआरसी दुष्यंत शर्मा, संकुल समन्वयक रामभरोसे मेरावी, शिक्षक अजय श्रीवास्तव, शेख अमीरूल, सुमितसिंह, रूपेश देशमुख, भूषण साहू, सुरेश भंडारी, राधेलाल कोठारी, नूतन मोहबेकर, अमरदास चेलक, मयाराम निषाद आदि मौजूद थे।

## कट्टहा नवागांव पहुंचे विशेषज्ञ

**खैरागढ़।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान तहत ब्लाक के कट्अहा नवागॉव प्राशा मे सामाजिक अंकेक्षण करने विशेषज्ञों की टीम पहुंची। प्राथमिक स्तर पर प्रश्नावली, सहायक सामग्री, संकेतक, लर्निंग आउटकम, अनुलग्नक संबंधित गतिविधि हुआ जिसमें अंकेक्षण प्रभारी धनंजय वर्मा, मोरध्वज देवांगन, तेजस्विनी निषाद, दीपिका चंद्रवंशी ने बच्चों से गणितीय सवाल साथ मौखिक प्रश्न पूछा जिसमें चौथी कक्षा के चंद्रकुमार यादव ने छत्तीस तक पहाड़ा सुनाया जिसे टीम ने उपहार में पेन दिया। कक्षा दूसरी के विनय यादव ने ग्यारह का पहाड़ा, तीसरी कक्षा के जय कुमार ने पाठ्य-पुस्तक को बहुत ही कम समय में पढक़र सुनाया। एफएनएल टीम के मोरध्वज देवांगन ने प्रपा रामलाल साहू द्वारा निर्मित जादुई पिटारा, उनके द्वारा तैयार सामग्रियो और प्रदर्शन की सराहना की वही मंगल भवन में शाला लगने के बावजूद भी शाला के प्रिंट रीच को आकर्षक व शिक्षाप्रद बताया साथ ही शिक्षा गुणवत्ता व साफ सफाई को भी उच्च स्तर का कहा। सहायक शिक्षक नीलम कुमार वर्मा ने शाला परिसर का टीम को अवलोकन कराया। इस दौरान राधेलाल बर्मन, चेतन चतुर्वेदी, लिलेश्वरी, लोकनाथ जोशी सहित अन्य मौजूद थे।

# जैम पोर्टल से खरीदी में गड़बड़ी, सीएम का बयान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- कांप रहे जिम्मेदारों के हाथ पांव

जैम पोर्टल में खरीदी प्रक्रिया में गड़बड़ी को लेकर सीएम साय द्वारा कड़ी कारवाई के फरमान से नपा के जिम्मेदारों के हाथ पांव फूल गए है। मामला सवा करोड़ के आसपास के उस आन लाइन टेंडर का है जिसमें एक निविदाकर्ता ने उच्च स्तर पर अपने साथ नपा के जिम्मेदारों द्वारा गड़बड़ी करने और निविदा प्रक्रिया में तकनीकी उपकरणों का प्रयोग कर दूर करने की शिकायत की है हालांकि उसके बाद से पूरी फाइल राजधानी और दुर्ग में नगरीय प्रशासन विभाग के उच्चाधिकारियों की टेबल में है, लेकिन कमीशन के अलावा अन्य आर्थिक लाभ के चाहत की आस मे गड़बड़ी को अंजाम देने वाले कतिपय नेता अभी भी उच्च स्तर पर दर स्वीकृत कराने राजनैतिक दबाव बनाने मे लगे हुए है हालाकि शिकायतकर्ता के न्याय की आस में कोर्ट जाने की बात से जिम्मेदारों के हाथ पांव फूले हुए है। वही सीएम साय के उस बयान जिसमें उन्होंने सरकारी खरीदी में जैम पोर्टल से होने वाली प्रक्रिया मे गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं करने और दोषियों पर कारवाई की बात कही गई है उससे भी काफी भयभीत है, लेकिन बड़े काम में बड़े कमीशन के अलावा अन्य लाभ की स्थिति को देखते हुए हर स्तर पर दर स्वीकृत कराने का प्रयास जारी होने की जानकारी मिली है।

### यह है मामला

नगरपालिका मे 15वें वित्त मद अन्तर्गत 1 करोड़ 31 लाख 70 हजार की सामग्री खरीदी को लेकर पहली निविदा बगैर निविदा/क्रय समिति व पीआईसी से अनुमोदन लिए निविदकार से साठगांठ कर कार्यादेश जारी किया गया जिसकी शिकायत होने पर आनन फानन मे निविदा प्रक्रिया को तत्कालीन सीएमओ प्रमोद शुक्ला ने निरस्त कर दिया। दूसरी बार निविदा प्रक्रिया मे पर्याप्त निविदाकार के भाग लेने के बावजूद निविदा नहीं खोला गया क्योकि तत्कालीन सीएमओ नरेश वर्मा के निज स्वार्थ के पूर्ति नहीं हो रही थी इसकी वजह से निविदा बिना सक्षम अधिकारी और पीआईसी से अनुमोदन लिए निरस्त कर दिया गया जबकि उस समय आनलाईन अेंडर प्रक्रिया मे पर्याप्त निविदाकार शामिल थे। तीसरी बार जब निविदा प्रकाशन हुआ तो एक निविदाकार क्षत्रिय एग्रो दुर्ग ने अपने साथ तकनीकी छेड़छाड़ कर उसे प्रक्रिया से दूर करने और अन्याय होने की शिकायत सहित यह बात भी कही है कि पूरी प्रक्रिया मे तुलनात्मक शीट का अवलोकन करने से स्थिति क्लियर हो जाएगी। शिकायत से मामला पूरी तरह अटक गया है। नगरपालिका से फाइल संचालनालय और जेडी दुर्ग मंगाया गया है लेकिन वहॉ से अभी तक इस संबंध मे स्पष्ट दिशा निर्देश नही मिला है। इस बीच यह खबर भी छनकर आ रही है कि मामले का पटाक्षेप करने निविदाकार से भी कतिपय जिम्मेदार संपर्क साध रहे है।

# पेनिकल माईट से धान की फसल खतरे में, केंद्रों पर उमड़ रही भीड़

## कीट के कारण धान में दूध का भराव नहीं हो रहा



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई क्षेत्र के किसान लगातार बदलते मौसम की मार से त्रस्त हैं, जिसके कारण धान की फसलें कुछ हद तक बर्बाद होने के कगार पर पहुंच गई हैं। तेज धूप, उमस, अचानक बारिश और ठंड जैसे हर 4 घंटे में हो रहे परिवर्तन ने धान की उत्पादकता पर गंभीर संकट पैदा कर दिया है। किसान अपनी फसल को बचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं और कृषि केंद्रों पर दवाइयों के लिए भीड़ उमड़नी शुरू हो गई है।

धान में लगने वाले सामान्य रोगों के अलावा अब धान पर एक नई और घातक बीमारी का प्रकोप देखने को मिल रहा है जिसे पेनिकल माईट कहते है। कृषि केंद्र संचालक अनिल कुमार सिंह के अनुसार, उनके पास दवाई लेने आने वाले लगभग 70 प्रतिशत किसान इसी बीमारी से परेशान हैं। किसानों ने बताया कि इस कीट के कारण धान के बीज सूख रहे हैं और उनमें दूध का भराव नहीं हो रहा है।

प्रति बाली में 10 से लेकर 30 एवं उससे अधिक बीजों पर यह असर दिखाई दे रहा है। इसमे कीट इतना बारीक होता है कि यदि धान की बालियों को मोबाइल के डिस्प्ले पर झटका दिया जाए, तो ये बारीक कीट मोबाइल के डिस्प्ले पर हिलते हुए दिखाई देते हैं। ये कीट धान के बीजों के अंदर के दूध को चूस लेते हैं, जिससे दाना खाली रह जाता है। कृषि केंद्र संचालक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि पिछले 4 सालों से इस प्रकार का असर धान में बढ़ते क्रम में देखा जा रहा है। जानकारों और किसानों के अनुसार, लगातार मौसम में उतार-चढ़ाव ही इस तरह के रोगों के पनपने का मुख्य कारण है। इन दिनों दोपहर में तेज गर्मी, शाम होते-होते बारिश और रात में ठंड का एहसास हो रहा है। मौसम में यह तेजी से हो रहा परिवर्तन धान की फसल पर प्रतिकूल असर डाल रहा है। जानकारों ने आशंका जताई है कि मौसम के इस बिगड़े मिजाज के कारण इस वर्ष धान का उत्पादन औसत से कम रहने की संभावना है। किसान वर्तमान में अपनी फसल बचाने के लिए कृषि विशेषज्ञों की सलाह ले रहे हैं।

# निजी छात्रों के लिए एनईपी ओरिएंटेशन कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

देवी प्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय, गंडई में हाल ही में स्वाध्यायी विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर एक महत्वपूर्ण ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को नई शिक्षा नीति की रूपरेखा, उसके लाभों और क्रियान्वयन से परिचित कराना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. डीपी कुर्रे के मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि नई शिक्षा नीति छात्रों को अधिक लचीली, व्यावहारिक एवं कौशल-आधारित शिक्षा की ओर ले जाती है। उन्होंने बताया कि एनईपी 2020 का लक्ष्य छात्रों में रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच और आजीवन सीखने की भावना विकसित करना है। उन्होंने निजी छात्रों को विशेष सलाह देते हुए कहा कि वे नामांकन तथा परीक्षा फॉर्म भरते समय किसी भी असुविधा से बचने के लिए अपने विषय का चुनाव स्वयं करें और पूर्व में चयनित विषय कोड का ध्यान रखें।

### नीति की प्रमुख विशेषताओं की जानकारी

कार्यक्रम में एनईपी नोडल अधिकारी टीएल वर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति की प्रमुख विशेषताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बहुविषयक शिक्षा क्रेडिट आधारित प्रणाली, कौशल विकास और डिजिटल शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी। निजी छात्रों को बताया गया कि नई नीति के तहत उनके लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से अध्ययन के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया और उत्साहपूर्वक अपनी जिज्ञासाएं प्रस्तुत की। अतिथि व्याख्याता डॉ. ओम प्रकाश कौशिक ने मंच संचालन किया, जबकि अतिथि सहायक ग्रंथपाल हेमंत मिश्रा ने अंत में धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## जीएसटी बचत उत्सव और हर घर स्वदेशी कार्यक्रम का आयोजन




**गंडई पंडरिया।** आत्मनिर्भर भारत अभियान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गंडई के ए मार्केट और बी मार्केट क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही दुकानों में जाकर व्यपारी भाइयों से मुलाकात करते हुए जीएसटी बचत को लेकर पाम्पलेट बाटा गया। इस दौरान जीएसटी बचत उत्सव और हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी कार्यक्रम के तहत व्यापारी भाइयों के साथ संवाद किया गया एवं उन्हें स्वदेशी संकल्प दिलाया गया। यह कार्यक्रम आत्मनिर्भर भारत के जिला संयोजक राजेश मेहता के मार्गदर्शन में और मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में आयोजित किया गया। व्यापारी भाइयों को स्वदेशी अपनाओ, भारत को आत्मनिर्भर बनाओ का संकल्प दिलाते हुए उन्हें स्थानीय और स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्धेश्य देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना और स्थानीय व्यवसायों को प्रोत्साहन देना है। उक्त कार्यक्रम के दौरान जनपद उपाध्यक्ष राजू जंघेल, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष टेकन देवांगन, सरपंच दूजे वर्मा, संजय राजपूत, पार्षद अशोक पटेल, रजेलाल पटेल, कमलेश जंघेल, रोहन ताम्रकार, हेमंत वर्मा, जगेसर देवांगन, व्यपारी गौतम चंद जैन, लक्ष्मण देवांगन, आशीष अग्रवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## अभियान में जिला प्रशासन और नगर पालिका करेगी सहयोग

# आत्मनिर्भर अभियान को गति देने निवेदन यात्रा पोस्टर विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

स्वच्छता, सामाजिक उत्थान, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में आम नागरिकों में मातृभूमि के प्रति आत्मनिर्भरता का भाव जगाने का संकल्प लेकर आत्मनिर्भर खैरागढ़ अभियान का पोस्टर विमोचन साथ शुरूआत किया गया। विधायक यशोदा वर्मा, जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, पूर्व जिपं सदस्य व जिला भाजपाध्यक्ष घम्मन साहू, नंद चंद्राकर, मनराखन देवांगन, डॉ बिसेसर साहू, जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, सीएमओ कोमल ठाकुर, नपा उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान, जिपं सदस्य दिनेश वर्मा, शशांक ताम्रकार, चंद्रशेखर यादव, रूपेंद्र रजक, दीपक देवांगन, सुमित टांडिया, डॉ.अरूण भारद्वाज, अनिल अग्रवाल व गोरेलाल वर्मा सहित अन्य अतिथियों ने भारत माता व महात्मा गांधी के तैलचित्र, भारतरत्न डॉ.अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर अभियान को गति दी। यात्रा के संबंध में जानकारी देते हुए समसुल होदा खान ने बताया कि विगत कई सालों से सेवाभावी संस्थाओं द्वारा स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण के लिए काम हो रहा है। लोगों में स्वच्छता, सामाजिक उत्थान, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के अलावा मातृभूमि के प्रति आत्मनिर्भरता का भाव जगाने निवेदन यात्रा निकाली जाएगी जिसके तहत लोगों से अपने निवास व कार्यस्थल के 5 मीटर के आसपास क्षेत्र को स्वच्छ रखने के साथ एक परिवार-एक पौधा लगाए जाने की अपील की जाएगी। संचालन अनुराग तुरे व आभार वंदना टांडेकर ने किया।




### नशामुक्ति की दिशा में काम करने वालों का सम्मान

कार्यक्रम में नशामुक्ति के क्षेत्र में विशेष पहल कर गांव सहित वार्ड में सामाजिक निर्णय लेकर शराबबंदी साथ ही अवैध शराब विक्रय पर प्रतिबंध लगाने वालो अमलीडीह कला के दिनेश वर्मा, रामकुमार वर्मा, साल्हेभर्री के वेदराम साहू, खेदूराम साहू व नेतराम साहू, नपा वार्ड 19 के सुनील यादव, राधेश्याम यादव, अजय यादव का हमर खैरागढ़-हमर तिरंगा मोमेंटो देकर सम्मान किया गया।

### सेवाभाव की होती है सराहना

मुख्य वक्ता अधिवक्ता ठाकुर सुभाष सिंह ने राष्ट्रपिता के जीवनवृत्त पर विस्तार से प्रकाश डाला और आजादी से पहले से लेकर आजादी के बाद तक उनके योगदान को सामने रखा। विधायक यशोदा वर्मा ने कहा कि सेवाभावियों की पहल सराहनीय और भविष्य के लिए सार्थक है। जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि यहॉ के स्वयंसेवियों ने जिले में ही नहीं वरन प्रदेश में अपनी एक अलग पहचान बनाई है और निश्चित ही आत्मनिर्भर खैरागढ़ अभियान नई सफलता की ऊंचाइयों को छुएगा। जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल ने अभियान की सफलता के लिए जिला प्रशासन की ओर से बधाई देते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान लाल अशोक सिंह, गैंदलाल यदु, बंसत कुमार यदु, सत्यनारायण सिंह, भूखन सारथी, देवेन्द्र महोबे, बालकृष्ण गुप्ता, ईदरीश खान और गोपाल दीक्षित का सम्मान तिरंगा बैच लगाकर एवं श्रीफल भेंट कर किया गया। सभी ने इसकी सराहना करते हुए सामाजिक कार्यों से जुड़े रहने का आह्वान किया।

नवरात्रि पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अब डायरेक्ट फैक्ट्री से फटाका खरीदें
शिव शक्ति इंटरप्राईजस
फटाका दुकान
STANDARD, SONY, ELEPHANT, KRISHNA, ATLAS, RAVINDRA
जैसे नामी कंपनियों के फटाके
सबसे कम कीमत में उपलब्ध है
सभी प्रकार के फटाकों के निर्माता एवं विक्रेता
थोक एवं चिल्हर भाव में उपलब्ध
पता : नवागांव, बाबूटोला, वार्ड नं.1, राजनांदगांव
मो. 9301792320 (प्रो. यश बारस्कर)

## सार समाचार

### 5 दिवसीय भव्य महोत्सव 29 से

**राजनांदगांव।** श्री श्याम भरोसे परिवार द्वारा स्थानीय श्री हनुमान श्याम मंदिर में खाटू वाले श्याम प्रभु के जन्मोत्सव पर पांच दिवसीय महोत्सव आगामी 29 अक्टूबर से 02 नवंबर तक श्रद्धा एवं भक्ति के साथ धूमधाम से मनाए जाने हेतु व्यापक तैयारियां की जा रही है। श्री श्याम भरोसे परिवार के राजेश शर्मा, शंकर सिंह कोठारी, अमित खंडेलवाल, बंशी अग्रवाल,



संतोष बावरिया, योगेश लोहिया एवं प्रशांत अग्रवाल के अनुसार संस्कारधानी नगरी में खाटू वाले श्याम प्रभु का जन्मोत्सव अनेक वर्षों से भक्तिभाव पूर्वक मनाया जा रहा है। आगामी 01 नवंबर को श्याम प्रभु के जन्मोत्सव पर 5 दिवसीय आयोजन 29 अक्टूबर से 2 नवंबर तक संपन्न होंगे। श्री हनुमान श्याम मंदिर में 29 अक्टूबर को दोपहर 1.15 बजे से श्री श्याम भक्तों को श्री श्याम नाम की मेहंदी लगाई जाएगी। रात्रि 7.02 बजे से सुप्रसिद्ध हनुमंत भक्त गणेश मिश्रा द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। 30 अक्टूबर को शाम 5.15 बजे रामाधीन मार्ग स्थित श्री श्याम कुटी से भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी, जो नगर भ्रमण करते जीई रोड रायपुर नाका स्थित श्री हनुमान श्याम मंदिर पहुंचेगी। 31 अक्टूबर को भव्य भजन संध्या में हनुमानगढ़ (राजस्थान) निवासी श्याम सेवक देव चुघ रात्रि 8.15 बजे से भजनों की प्रस्तुति देंगे। 01 नवंबर को भव्य भजन संध्या रात्रि 8.15 बजे से आयोजित है। जिसमें ग्वालियर के आशीष शर्मा भजनों की प्रस्तुति देंगे। महोत्सव के पंचम दिवस 2 नवंबर को दोपहर 12.15 बजे से श्री श्याम रसोई महाप्रसादी का कार्यक्रम आयोजित है।

### नशा उन्मूलन पर शहर में निकली रैली

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा नशा उन्मूलन



कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन व समाज कार्य विभागाध्यक्ष ललिता साहू के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय परिसर से मानव मंदिर चौक तक नशा उन्मूलन पर जन जागरुकता रैली निकाली गई। उक्त रैली में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न नारे व स्लोगन लगाए गए। स्लोगन के माध्यम से विद्यार्थियों द्वारा आम जनता के मध्य नशा उन्मूलन हेतु संदेश दिया गया, ताकि संपूर्ण भारत को नशामुक्त बनाया जा सके। प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता द्वारा समाजकार्य के सभी विद्यार्थियों को नशामुक्ति के लिए सामूहिक शपथ दिलवाई गई। ललिता साहू ने कहा कि नशा रूपी जहर से युवा पीढ़ी को सतर्क रहते परिवार, समाज व देश को एक होकर इस अभियान को सफल बनाने में योगदान देना होगा। कार्यक्रम में ललिता साहू, डॉ. एके मंडावी, डॉ. प्रियंका लोहिया, तारणी साहू, शालिनी सोनी, चित्रांशा राठौर व समाज कार्य विभाग के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### योग शिविर के लिए बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** आचार्य नरेन्द्र देव प्रभारी छत्तीसगढ़ प्रांत द्वारा एक दिवसीय योग शिविर आगामी 16 अक्टूबर को अंबागढ़ चौकी के मंगल भवन में




होगी। जिसकी पूर्व तैयारी के लिए आवश्यक बैठक 6 अक्टूबर को संपन्न हुआ। इस दौरान पतंजलि योग समिति तहसील इकाई अंबागढ़ चौकी के अशोक कुमार साहू, अशोक वर्मा, राम, डॉ. रंजन कुमार साहू, सोमदत्त साहू, बल्दूराम यादव, भरत लाल निकोड़े, वैभव शर्मा, संपतलाल छेदैया, रामेंद्र मोहन तिवारी, ऐश्वर्य राजलक्ष्मी कोर्राम, ममता देवांगन, शैल तिवारी, आरएन सिंह, आशीष कसार, संजीत नायक उपस्थित रहे।

### नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष साहू का चौकी में स्वागत

**राजनांदगांव।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक अशोक साहू का अंबागढ़ चौकी में पदभार ग्रहण करने के पश्चात



प्रथम आगमन हुआ। भाजपा के समस्त कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत अभिनंदन कर मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में आगमन हेतु धन्यवाद व आभार प्रकट किया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री खिलावन साहू, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष अरूण यादव, जिला भाजपा महामंत्री नरसिंग भंडारी, अनिल गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष ढालसिंह कौशिक, जिला कोषाध्यक्ष राजेश गुजराती, जिला पंचायत सदस्य नेहरू रजक, सविता सोरी, लखन कलामे, पूर्व जिला अध्यक्ष मदन साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष गीता साहू, शिव वर्मा, आशीष द्विवेदी, संदीप साहू, प्रकाश मिश्रा, अमित श्रीवास्तव, पवन गुप्ता, पुनाऊराम फूलकांवरे, राजू सिन्हा, गुलाब गोस्वामी, भारत भुषण राजपूत, राजू कुरैशी, जनक सोनवानी, गयादास साहू, योगमाया साहू, देवकुमार कुंभकार, संदीप मेश्राम, अजहरुद्दीन खान, मोहन जैन, रामाधार हिरवाणी, अंबर जोशी एवं जिला भाजपा पिछडा वर्ग मोर्चा के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम अरुण यादव के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

## नांदगांव का मिशन जल रक्षा मॉडल राष्ट्रीय मंच पर प्रशंसा का बना केन्द्र

# देशभर के सामने प्रस्तुत किया नांदगांव मॉडल मिशन जल रक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा आयोजित सुजलाम भारत-जल संचय कार्यक्रम अंतर्गत नई दिल्ली स्थित कन्वेंशन हॉल में राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों के जल संरक्षण, भू-जल प्रबंधन एवं जल साक्षरता से जुड़े नवाचारों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय की डायरेक्टर अर्चना वर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस दौरान मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी, नीति आयोग के प्रतिनिधि, जल विशेषज्ञ एवं विभिन्न राज्यों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम के अंत में जल शक्ति मंत्रालय की डायरेक्टर अर्चना वर्मा ने राजनांदगांव जिले के मिशन जल रक्षा मॉडल की सराहना करते कहा कि यह मॉडल अन्य जिलों के लिए एक प्रेरणास्त्रोत है, जो जल संरक्षण की दिशा में सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करता है।

### जिपं सीईओ ने जल रक्षा मॉडल का किया प्रस्तुतिकरण



इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह द्वारा जिले के अभिनव मिशन जल रक्षा मॉडल का प्रस्तुतिकरण दिया गया, जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। सीईओ ने बताया कि मिशन जल रक्षा मॉडल जिले में जल संरक्षण और भू-जल पुनर्भरण के लिए वैज्ञानिक, तकनीकी एवं सामुदायिक दृष्टिकोण पर आधारित है। उन्होंने बताया कि राजनांदगांव जिले के चार में से तीन ब्लॉक सेमी क्रिटिकल जोन अर्थात जल स्तर के विषय में गंभीरता की स्थिति में है, जिन पर निरंतर प्रयास करते जिले में परकोलेशन टैंक, रिचार्ज शाफ्ट और जल संरचनाओं का निर्माण हाइड्रो जियो लॉजिकल मैप एवं जीआईएस आधारित विश्लेषण के माध्यम से किया गया है। जिससे वर्षा जल का अधिकतम उपयोग संभव हुआ है।

इस मॉडल के अंतर्गत स्थानीय सामग्री से कम लागत वाले जल संरचनाएं तैयार कर निर्माण लागत मे कमी लाई गई है।

### पौष्टिक आहार के संबंध में दी गई जानकारी

**राजनांदगांव।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण माह अंतर्गत डोंगरगांव विकासखंड के आंगनबाड़ी केन्द्र ग्राम जंगलपुर में कन्या भोज का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम द्वारा अभिभावकों को स्थानीय उपलब्ध पौष्टिक आहार के महत्व के संबंध में जानकारी दी गई। इसी तरह सेक्टर शीतला माता के आंगनबाड़ी केंद्र बल्देवबाग क्र. 1 में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत पोषण माह के तहत गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, अन्नप्राशन, स्वस्थ शिशु और माता का सम्मान किया गया।

साथ ही हितग्राहीयों को विभागीय योजनाएं सुकन्या समृद्धि, सक्षम योजना, प्रधानमंत्री मातृव वंदन योजना, महिला सुरक्षा, साइबर फ्रॉड से बचाव, घरेलू हिंसा कानून, पोषण एवं स्वास्थ्य की जानकारी, उचित खानपान गर्भावस्था देखभाल, मिलेट्स तिरंगा भोजन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान गर्भवती, शिशुवती माता, समूह की महिलाएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आरोग्य समिति के सदस्य आदि उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य व पोषण पर इंदामरा स्कूल में आज विशेष सत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अजीज पब्लिक स्कूल इंदामारा में कल 9 अक्टूबर को विद्यालय परिसर में एक महत्वपूर्ण एवं जागरूकता बढ़ाने वाला कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम अंतर्गत अभिभावकों के लिए स्वास्थ्य एवं पोषण पर विशेष सत्र का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य अभिभावकों को बच्चों के स्वास्थ्य, खानपान और जीवनशैली से संबंधित सही जानकारी प्रदान करना है।

इस सत्र में मुख्य वक्ता डॉ. विधि तिवारी को आमंत्रित की गई है, जो स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में



एक अनुभवी एवं प्रतिष्ठित चिकित्सक हैं। डॉ. तिवारी अपने सत्र के दौरान यह बताएंगी कि बच्चों के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास के लिए संतुलित आहार कितना आवश्यक है। वे माता-पिता को यह भी समझाएंगी कि आज के बदलते समय में किस प्रकार बच्चों की डाइट, नींद और शारीरिक गतिविधियों का संतुलन बनाकर स्वस्थ जीवनशैली को अपनाया जा सकता है।

## कार्यालय में सफाई, फाइल व रिकार्ड रखें संधारित

- कलेक्टर ने कार्यालयों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने बुधवार को कलेक्टोरेट स्थित कार्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालयों में पहुंचकर विभाग प्रमुख एवं अन्य स्टाफ से कार्यों के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने कार्यालय में साफ-सफाई रखने तथा व्यवस्थित तरीके से फाईल एवं रिकार्ड संधारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागों में संधारित की जा रही पंजी एवं ई-ऑफिस के कार्यों का भी अवलोकन किया।

कलेक्टर यादव आधार सेवा केन्द्र में आधार कार्ड बनवाने एवं आधार अपडेशन के लिए आए जनसामान्य से रूबरू हुए और उनसे दी जा रही सेवाओं के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने अधिकारियों को लोकहित में कार्य करते शासन की योजनाओं के तहत जनमानस को अधिक से अधिक लाभान्वित करने कहा। उन्होंने जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति में लंबित कार्यों को पूर्ण करने तथा अधिक से अधिक ऋण स्वीकृति देकर उद्यमिता विकास के लिए कार्य करने कहा। कलेक्टर यादव ने कोषालय, सांख्यिकीय, निर्वाचन शाखा, आपदा एवं राहत शाखा, भूमि रिकार्ड, नजूल जांच न्यायालय, खनिज शाखा, उद्यानिकी, सहायक भूमि संरक्षण, आबकारी विभाग, छात्रवृत्ति शाखा, जिला शहरी विकास अभिकरण, भू-अभिलेख शाखा, भू-अर्जन शाखा, जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा, सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी, पीएम स्वनिधि, अल्प बचत शाखा सहित विभिन्न विभागों का अवलोकन किया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## कोटवार संघ ने निकाला पैदल मार्च सीएम निवास पहुंचकर सौंपेंगे ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने जिलेभर के कोटवारों ने आवाज बुलंद करते राजनांदगांव से मुख्यमंत्री निवास रायपुर तक पदयात्रा निकाली। कोटवार एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के बैनर तले फ्लाई ओवर के नीचे धरना प्रदर्शन किया और यहां से भारत माता और गांधीजी के तैलचित्र के साथ रैली निकाली।

कोटवार संगठन आयोजित इस धरना प्रदर्शन और रैली में जिले सहित आसपास जिलों के सैकड़ों कोटवार शामिल हुए। वहीं उन्होंने मुख्यमंत्री से ज्ञापन के माध्यम से आगामी 10 अक्टूबर को प्रदेश स्तरीय कोटवारों का प्रांतीय सम्मेलन मां बम्लेश्वरी मंदिर क्षीरपानी प्रांगण डोंगरगढ़ में आयोजित करने और इस आयोजन में शामिल होने की मांग की है।

### मानदेय बढ़ाने की मांग

कोटवार संगठन द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि जिसके पास कोई भी सेवा भूमि नहीं है, उस कोटवार को 6 हजार से बढ़कर 12 हजार और 3 एकड़ तक सेवा भूमि वाले कोटवार को 11 हजार, 3 से साढ़े सात एकड़ तक सेवा भूमि वाले कोटवार को 9 हजार और साढ़े 7 एकड़ से अधिक सेवा भूमि वाले कोटवार को 6 हजार रुपए मानदेय देने की मांग की है। कोटवार के सेवानिवृत्त होने पर 5 लाख रुपए और प्रतिवर्ष 1 हजार रुपए देने मांग की है।

## किसान सम्मेलन 15 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

स्थानीय मंडी परिसर में आगामी 15 अक्टूबर को जिला स्तरीय किसान सम्मेलन का आयोजन रखा गया है। इस सम्मेलन में किसानों को खेती से संबंधित उपयोगी जानकारी मिलेगी। इस मेले में उन्नत किस्म के बीज, खाद, दवा के उत्पादक किसानों को अपने उत्पादों की जानकारी के साथ उससे होने वाले लाभ के बारे में बताएंगे।

किसानों को आधुनिक ट्रेक्टर सहित कृषि यंत्रों को देखने और उसके बारे में जानने का मौका मिलेगा। इस दौरान किसानों के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रखा गया है। विद्याश्री कृषि केन्द्र के संचालक संदीप जैन ने बताया कि इस आयोजन का व्यापक प्रचार किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक किसान सहभागी बनकर कृषि उपयोगी जानकारी हासिल कर सके।

उन्होंने सभी किसानों से किसान सम्मेलन में शामिल होने का आव्हान किया है।

### नांदगांव में चलाया स्वच्छता अभियान

**राजनांदगांव।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में सेवा पखवाड़ा अंतर्गत प्रशिक्षणार्थियों द्वारा सैद्धांतिक, प्रायोगिक कक्ष एवं उद्यान की स्वच्छता अभियान चलाते साफ-सफाई की गई एवं परिसर में पौधरोपण किया गया।

साथ ही रंगोली, विकसित भारत विषय पर निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। संस्था के पूर्व एवं वर्तमान प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार एवं साक्षात्कार सहित अन्य विषयों पर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य एवं सभी अधिकारी एवं कर्मचारी, प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

## जेल में बंदियों को नशा मुक्ति की दिलाई शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजनांदगांव द्वारा बल्देवबाग स्थित जिला जेल में बंदियों को नशामुक्त रहने जागरूक किया गया तथा नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई।

जन शिक्षण संस्थान के निदेशक झालम सिंह ने नशा के दुष्परिणाम पर प्रकाश डालते कहा कि नशा से मनुष्य का जीवन बर्बाद हो जाता है। नशा करने वाले मनुष्य की आर्थिक स्थिति कमजोर हो जाती है। समाज में सम्मान खो देता है। मानसिक अवस्था बिगड़ जाती है। साथ ही शारीरिक स्वास्थ्य खराब हो जाता है। भारत को यदि हमें विश्व गुरु बनाना है तो पहले नशामुक्त भारत की परिकल्पना को साकार करना होगा।

मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारी प्रभा बहन ने बताया कि राजयोग के गहन अभ्यास से हम अपने मन को सशक्त बनाकर नशा से मुक्त हो सकते हैं। इसके लिए स्वयं को आत्मा समझकर परमपिता परमात्मा शिव को याद करना होगा। जिससे मन की एकाग्रता बढ़ेगी और नशा छोड़ना आसान हो जाएगा। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी महिमा बहन ने बंदी भाइयों को राजयोग की गहन अनुभूति कराई। ब्रह्माकुमार अर्जुन भाई ने नशामुक्त जीवन पर आधारित गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर जिला जेल के तारकेश्वर प्रसाद ने आभार प्रकट किया।

## सामाजिक आयोजन में करूणा यादव ने ज्वलंत समस्याओं पर किया ध्यानाकर्षण

# गौवंश रक्षा और नशामुक्ति के लिए मुहिम चलाने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश स्तरीय सर्व यादव महिला सम्मेलन का आयोजन रायपुर के वृन्दावन भवन कटोरातालाब चौक रायपुर में भव्यता के साथ किया गया।

उक्त आयोजन में मुख्य अतिथि श्रीमती कौशिल्या देवी साय धर्मपत्नी विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनांदगांव से आयोजन में उपस्थित रही करूणा मधुसूदन यादव ने की।

अति विशिष्ट अतिथि के रूप में बालोद से पधारी मंजू राकेश




यादव, जागृति चुन्नी यदु राजनांदगांव, सुलोचना यादव, सविता यादव, प्रतिमा सरजू यादव, ललिता राम यादव, विमला राजेश यादव, रीमा रमेश यादव, भुवनेश्वरी यादव, सरोज यादव उपस्थित रही।

इस आयोजन में राजनांदगांव का प्रतिनिधित्व करते करूणा मधुसूदन यादव, जागृति चुन्नी यदु सभापति जिला पंचायत राजनांदगांव, पार्षद खेमिन राजेश यादव एवं माथलडबरी सरपंच मधु यादव उपस्थित रही। आयोजन समिति की ओर से धनमती यादव, किरण यादव, गीता यादव, गीता यादव, पुष्पलता यादव, स्नेहा यादव उपस्थित रही। आयोजन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से पधारे गणमान्य अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। साथ ही प्रदेश स्तरीय सर्व यादव महिला टीम के नवीन पदाधिकारियों एवं सदस्यों की सूची जारी की गई एवं विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा उठाई गई।

### जनजागृति के लिए आयोजन जरूरी : साय

मुख्य अतिथि कौशिल्या देवी साय ने कहा कि यादव समाज भगवान कृष्ण के वंशज हैं। उनके द्वारा इस आयोजन के माध्यम से जनजागृति, धर्म का प्रचार एवं समाज को संगठित करने का कार्य उत्तम कार्य किया जा रहा है। उन्होंने समाज की महिलाओं को सफल आयोजन के लिए बधाई देते अपने पारिवारिक, सामाजिक रिश्तों को सहेजने, संगठित रहने एवं प्रदेश की उन्नति में अपना योगदान एवं सहभागिता देने का आह्वान किया। मिसेस सीएम ने सामाजिक मंच से प्राप्त मुद्दों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाकर उनका यथाशीघ्र उचित निराकरण करवाने हेतु आवश्वास भी दिया।

### आत्मरक्षा के विषय करें शामिल

अध्यक्षता करते राजनांदगांव की करूणा यादव ने अपने उद्बोधन में मंच से समसामयिक ज्वलंत विषयों पर मिसेस सीएम का ध्यानाकर्षित करते मुख्यमंत्री के माध्यम से समुचित निराकरण करवाने हेतु अनुरोध किया। उन्होंने शालाओं में बालिकाओं के लिए आत्मरक्षा को अनिवार्य विषय के रूप में शामिल करने संबंधी, हाईवे सड़क रोड रास्तों पर चरने वाले गौवंश की रक्षा के संबंध एवं प्रदेश में बच्चों, युवा एवं बुजुर्गों में बढ़ रहे नशाप्रवृत्ति पर अंकुश लगाने नशामुक्ति अभियान चलाने का आह्वान किया।



## सार समाचार

### 5 दिवसीय भव्य महोत्सव 29 से



**राजनांदगांव।** श्री श्याम भरोसे परिवार द्वारा स्थानीय श्री हनुमान श्याम मंदिर में खाटू वाले श्याम प्रभु के जन्मोत्सव पर पांच दिवसीय महोत्सव आगामी 29 अक्टूबर से 02 नवंबर तक श्रद्धा एवं भक्ति के साथ धूमधाम से मनाए जाने हेतु व्यापक तैयारियां की जा रही है। श्री श्याम भरोसे परिवार के राजेश शर्मा, शंकर सिंह कोठारी, अमित खंडेलवाल, बंशी अग्रवाल, संतोष बावरिया, योगेश लोहिया एवं प्रशांत अग्रवाल के अनुसार संस्कारधानी नगरी में खाटू वाले श्याम प्रभु का जन्मोत्सव अनेक वर्षों से भक्तिभाव पूर्वक मनाया जा रहा है। आगामी 01 नवंबर को श्याम प्रभु के जन्मोत्सव पर 5 दिवसीय आयोजन 29 अक्टूबर से 2 नवंबर तक संपन्न होंगे। श्री हनुमान श्याम मंदिर में 29 अक्टूबर को दोपहर 1.15 बजे से श्री श्याम भक्तों को श्री श्याम नाम की मेहंदी लगाई जाएगी। रात्रि 7.02 बजे से सुप्रसिद्ध हनुमंत भक्त गणेश मिश्रा द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। 30 अक्टूबर को शाम 5.15 बजे रामाधीन मार्ग स्थित श्री श्याम कुटी से भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी, जो नगर भ्रमण करते जीई रोड रायपुर नाका स्थित श्री हनुमान श्याम मंदिर पहुंचेगी। 31 अक्टूबर को भव्य भजन संध्या में हनुमानगढ़ (राजस्थान) निवासी श्याम सेवक देव चुघ रात्रि 8.15 बजे से भजनों की प्रस्तुति देंगे। 01 नवंबर को भव्य भजन संध्या रात्रि 8.15 बजे से आयोजित है। जिसमें ग्वालियर के आशीष शर्मा भजनों की प्रस्तुति देंगे। महोत्सव के पंचम दिवस 2 नवंबर को दोपहर 12.15 बजे से श्री श्याम रसोई महाप्रसादी का कार्यक्रम आयोजित है।

### नशा उन्मूलन पर शहर में निकली रैली



**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा नशा उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन व समाज कार्य विभागाध्यक्ष ललिता साहू के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय परिसर से मानव मंदिर चौक तक नशा उन्मूलन पर जन जागरुकता रैली निकाली गई। उक्त रैली में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न नारे व स्लोगन लगाए गए। स्लोगन के माध्यम से विद्यार्थियों द्वारा आम जनता के मध्य नशा उन्मूलन हेतु संदेश दिया गया, ताकि संपूर्ण भारत को नशामुक्त बनाया जा सके। प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता द्वारा समाजकार्य के सभी विद्यार्थियों को नशामुक्ति के लिए सामूहिक शपथ दिलवाई गई। ललिता साहू ने कहा कि नशा रूपी जहर से युवा पीढ़ी को सतर्क रहते परिवार, समाज व देश को एक होकर इस अभियान को सफल बनाने में योगदान देना होगा।

### किसान सम्मेलन 15 को

**डोंगरगांव।** स्थानीय मंडी परिसर में आगामी 15 अक्टूबर को जिला स्तरीय किसान सम्मेलन का आयोजन रखा गया है। इस सम्मेलन में किसानों को खेती से संबंधित उपयोगी जानकारी मिलेगी। इस मेले में उन्नत किस्म के बीज, खाद, दवा के उत्पादक किसानों को अपने उत्पादों की जानकारी के साथ उससे होने वाले लाभ के बारे में बताएंगे।

## नांदगांव का मिशन जल रक्षा मॉडल राष्ट्रीय मंच पर प्रशंसा का बना केन्द्र

# देशभर के सामने प्रस्तुत किया नांदगांव मॉडल मिशन जल रक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा आयोजित सुजलाम भारत-जल संचय कार्यक्रम अंतर्गत नई दिल्ली स्थित कन्वेंशन हॉल में राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों के जल संरक्षण, भू-जल प्रबंधन एवं जल साक्षरता से जुड़े नवाचारों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय की डायरेक्टर अर्चना वर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस दौरान मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी, नीति आयोग के प्रतिनिधि, जल विशेषज्ञ एवं विभिन्न राज्यों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम के अंत में जल शक्ति मंत्रालय की डायरेक्टर अर्चना वर्मा ने राजनांदगांव जिले के मिशन जल रक्षा मॉडल की सराहना करते कहा कि यह मॉडल अन्य जिलों के लिए एक प्रेरणास्त्रोत है, जो जल संरक्षण की दिशा में सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करता है।

### जिपं सीईओ ने जल रक्षा मॉडल का किया प्रस्तुतिकरण



इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह द्वारा जिले के अभिनव मिशन जल रक्षा मॉडल का प्रस्तुतिकरण दिया गया, जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। सीईओ ने बताया कि मिशन जल रक्षा मॉडल जिले में जल संरक्षण और भू-जल पुनर्भरण के लिए वैज्ञानिक, तकनीकी एवं सामुदायिक दृष्टिकोण पर आधारित है। उन्होंने बताया कि राजनांदगांव जिले के चार में से तीन ब्लॉक सेमी क्रिटिकल जोन अर्थात जल स्तर के विषय में गंभीरता की स्थिति में है, जिन पर निरंतर प्रयास करते जिले में परकोलेशन टैंक, रिचार्ज शाफ्ट और जल संरचनाओं का निर्माण हाइड्रो जियो लॉजिकल मैप एवं जीआईएस आधारित विश्लेषण के माध्यम से किया गया है। जिससे वर्षा जल का अधिकतम उपयोग संभव हुआ है।

इस मॉडल के अंतर्गत स्थानीय सामग्री से कम लागत वाले जल संरचनाएं तैयार कर निर्माण लागत मे कमी लाई गई है।

### पौष्टिक आहार के संबंध में दी गई जानकारी

**राजनांदगांव।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण माह अंतर्गत डोंगरगांव विकासखंड के आंगनबाड़ी केन्द्र ग्राम जंगलपुर में कन्या भोज का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम द्वारा अभिभावकों को स्थानीय उपलब्ध पौष्टिक आहार के महत्व के संबंध में जानकारी दी गई। इसी तरह सेक्टर शीतला माता के आंगनबाड़ी केंद्र बल्देवबाग क्र. 1 में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत पोषण माह के तहत गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, अन्नप्राशन, स्वस्थ शिशु और माता का सम्मान किया गया।

साथ ही हितग्राहीयों को विभागीय योजनाएं सुकन्या समृद्धि, सक्षम योजना, प्रधानमंत्री मातृव वंदन योजना, महिला सुरक्षा, साइबर फ्रॉड से बचाव, घरेलू हिंसा कानून, पोषण एवं स्वास्थ्य की जानकारी, उचित खानपान गर्भावस्था देखभाल, मिलेट्स तिरंगा भोजन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान गर्भवती, शिशुवती माता, समूह की महिलाएं, सहायिका, आरोग्य समिति के सदस्य आदि उपस्थित थे।

# कार्यालय में सफाई, फाइल व रिकार्ड रखें संधारित

- कलेक्टर ने कार्यालयों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने बुधवार को कलेक्टोरेट स्थित कार्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालयों में पहुंचकर विभाग प्रमुख एवं अन्य स्टाफ से कार्यों के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने कार्यालय में साफ-सफाई रखने तथा व्यवस्थित तरीके से फाईल एवं रिकार्ड संधारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागों में संधारित की जा रही पंजी एवं ई-ऑफिस के कार्यों का भी अवलोकन किया।

कलेक्टर यादव आधार सेवा केन्द्र में आधार कार्ड बनवाने एवं आधार अपडेशन के लिए आए जनसामान्य से रूबरू हुए और उनसे दी जा रही सेवाओं के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने अधिकारियों को लोकहित में कार्य करते शासन की योजनाओं के तहत जनमानस को अधिक से अधिक लाभान्वित करने कहा। उन्होंने जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति में लंबित कार्यों को पूर्ण करने तथा अधिक से अधिक ऋण स्वीकृति देकर उद्यमिता विकास के लिए कार्य करने कहा। कलेक्टर यादव ने कोषालय, सांख्यिकीय, निर्वाचन शाखा, आपदा एवं राहत शाखा, भूमि रिकार्ड, नजूल जांच न्यायालय, खनिज शाखा, उद्यानिकी, सहायक भूमि संरक्षण, आबकारी विभाग, छात्रवृत्ति शाखा, जिला शहरी विकास अभिकरण, भू-अभिलेख शाखा, भू-अर्जन शाखा, जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा, सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी, पीएम स्वनिधि, अल्प बचत शाखा सहित विभिन्न विभागों का अवलोकन किया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।








**समस्या: जिले के वनांचलों और पहाड़ी ईलाकों में सरकारी व्यवस्था फैल**

# करोड़ों खर्च फिर भी पानी के लिए मशक्कत

हरिभूमि न्यूज ⏭कोदवागोडान

कहने को तो छत्तीसगढ़ राज्य गठन से लेकर अब तक प्रदेश की सत्ता में काबिज रही कांग्रेस लेकर भाजपा की सरकारों ने जिले के वनांचल और पहाड़ी ईलाकों में बसे वनवासियों और विशेष पिछड़ी जाति के बासिंदों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति कराने के नाम पर करोड़ों रूपए की राशि खर्च करने का दावा किया है। लेकिन सच्चाई और वास्तविकता ये है कि इन तमाम तथा कथित दावों के बावजूद आज भी इन बासिंदों को अपनी और अपने परिवार की प्यास बुझाने के लिए पेयजल जुगाड़ने भारी मसक्कत करनी पड़ती है। जबकि केन्द्र और प्रदेश की सत्ता में काबिज भाजपा सरकार की बात की जाए तो भाजपा शासन काल में लोगों को पेयजल की आपूर्ति कराने के नाम पर नलजल योजना, जल जीवन मिशन जैसी योजनाए संचालित करने का दम भरा जा रहा है। कहा तो ये भी जाता है कि अकेले जिले के विकासखण्ड पंडरिया में ही इन योजनाओं के नाम करोड़ो रूपए की राशि पीएचई विभाग के मार्फद खर्च की गई है। जगह-जगह विशालकाय पानी की टंकी निर्मित कराई गई और घर-घर



पानी पहुंचाने के लिए पाईप लाईन बिछाई गई है। लेकिन कड़वा सच ये है कि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी इस योजना का समुचित लाभ आज भी ग्रामीणों और वनवासियों को नहीं मिल पा रही है और उन्हें पेयजल के लिए भारी मसक्कत करनी पड़ रही है। जिसके प्रति न तो शासन-प्रशासन कोई ध्यान दे रहा है और नहीं सत्ताधारी क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि इस दिशा में कोई गंभीरता दिखा रहे हैं। वहीं संबंधित विभाग के अधिकारी तो पूरी तरह से बेपरवाह है।

### पेयजल के लिए आधा किलो मीटर का सफर

छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्र में पहाड़ों पर स्थित बैगा जनजाति बहुल ग्राम पंचायत तेलियापानी अंतर्गत आने वाली तिनगड्डा बस्ती में यूं तो दो सरकारी हैंडपंप लगे हैं लेकिन उनमें से एक महीनों से बिगड़ा हुआ है तो वहीं दूसरे हैंडपंप से गंदा पानी निकलता है। जिससे यहां के रहवासी बैगा वनवासियों को लगभग आधा किलो मीटर दूर स्थित एक झिरिया से पानी लाना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि यह बेहद थकाने वाला कार्य है। उन्होने इस बात की जानकारी भी दी कि इस संबंध में कई बार शिकवा शिकायत की जा चुकी है लेकिन जिम्मेदारों द्वारा पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है।

### सुधार कार्य कराए जाने की मांग

पीड़ित ग्रामीणों ने संबंधित विभाग तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से इस गंभीर समस्या और ग्रामीण महिलाओं की भारी मसक्कत को देखते हुए मांग की है कि बस्ती के खराब पड़े हैण्डपंपों को तत्काल दुरूस्त कराए जाए या फिर बस्ती में पेयजल आपूर्ति की कोई वैकल्पिक व्यवस्था की जाए ताकि ग्रामीणों को सुविधाजन ढंग से बस्ती में ही पानी मिल सके।




# पंचायत स्तर पर खुल रहे अटल डिजिटल सुविधा केंद्र बने ग्रामीणों के लिए वरदान

- अब गांव में ही मिल रही ऑनलाइन सेवाएं, नहीं जाना पड़ रहा शहर

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

डिजिटल इंडिया के सपने को साकार करने की दिशा में कवर्धा जिले में अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों की स्थापना एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रही है। अब जिले के ग्रामीणों को विभिन्न प्रकार की ऑनलाइन सेवाओं के लिए शहर नहीं जाना पड़ रहा है। पैसे निकालने, जमा करने, यात्रा टिकट बुकिंग, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, बी-1, नक्शा-खसरा जैसे दस्तावेज अब ग्राम पंचायत स्तर पर ही उपलब्ध हो रहे हैं। इस सुविधा का सबसे अधिक लाभ महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांग जनों को मिल रहा है। पहले जहां योजनाओं से मिलने वाली राशि निकालने या आवश्यक दस्तावेजों के लिए उन्हें शहर तक की यात्रा करनी पड़ती थी, वहीं अब अटल डिजिटल केंद्र ने यह सब काम उनके गांव तक पहुंचा दिया है। इससे उनका समय, श्रम और धन तीनों की बचत हो रही है। ग्राम चिल्फी की निवासी श्रीमती तिजिया बाई विश्वकर्मा बताती हैं कि अब वे पेंशन और महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि अटल डिजिटल केंद्र के माध्यम से गांव में ही निकाल लेती हैं। पहले उन्हें शहर जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि अब सरकार ने गांव में डिजिटल सुविधा केंद्र खोलकर बहुत बड़ा काम किया है। हमें महिलाओं को बहुत राहत मिली है। इसके लिए हम सरकार को धन्यवाद देते हैं। अटल डिजिटल सुविधा केंद्र न केवल सेवाओं की सुलभता बढ़ा रहे हैं, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित कर रहे हैं। ग्रामीण युवाओं को केंद्र संचालन का जिम्मा मिलने से आत्मनिर्भरता की दिशा में भी प्रगति हो रही है।

वर्तमान में कबीरधाम जिले की 206 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र संचालित हैं, जिनसे हजारों ग्रामीण लाभान्वित हो रहे हैं। इन केंद्रों के माध्यम से अब ग्राम स्तर पर शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन और वित्तीय लेनदेन दोनों ही सरल व पारदर्शी हो गए हैं। डिजिटल क्रांति की इस पहल ने साबित कर दिया है कि जब तकनीक गांव तक पहुंचती है, तो विकास की रफ्तार कई गुना बढ़ जाती है। अटल डिजिटल सुविधा केंद्र ग्रामीणों के लिए सिर्फ सेवा का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की नींव बनते जा रहे हैं।

### कई ग्रामों में सुविधा उपलब्ध

जनपद पंचायत बोड़ला के 21 ग्राम पंचायत जिसमे भरपहरी, बोदा 47, बोलदाकला, चोरभट्ठी, गंडई कला, गंडई खुर्द, केसमर्दा, खारा, लोहारीडीह, महली, महाराजपुर, मारियाटोला, मुड़घुसरी, नवागांव, पोड़ी, सरईपतेरा, सारंगपुर कला, सारेखा, सिंघनपुरी, तारेगांव जंगल, तितरी। जनपद पंचायत कवर्धा के 18 ग्राम पंचायत बिजई,चरडोंगरी, दशरंगपुर, दौजरी, धमकी, धरमपुरा, गांगपूर, ज्ञानपुर, झलमला, कुटकीपरा, लालपुरकला, मैनपुरी, मानिकचौरी, नावघाटा, रवेली, सेमो, सोनपरी गुढ़ा आदि गांव शामिल है।

## खबर संक्षेप

### आयोग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक 14 को

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरूराम निषाद कैबिनेट मंत्री दर्जा एवं उपाध्यक्ष श्रीमती चंद्रकांति वर्मा द्वारा जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक का आयोजन 14 अक्टूबर 2025, दोपहर 12:00 बजे किया जाएगा। बैठक में शासन के समस्त विभागों द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग के हितार्थ संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा की जाएगी। साथ ही अन्य पिछड़ा वर्ग के क्रीमीलेयर निर्धारण के संबंध में भी विशेष चर्चा की जाएगी। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारीगणों को बैठक में उपस्थित रहकर आवश्यक जानकारी एवं अभिलेखों सहित सहभागी होने के निर्देश दिए गए हैं।

### पीएम श्री सेजस पोंड़ी ने व्हॉलीबॉल में दर्ज की जीत

**कवर्धा।** बुधवार को पीएम श्री सेजस स्कूल पोंड़ी में व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरहट्टा और पीएम श्री सेजस पोंड़ी की टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। इस प्रतियोगिता में पीएम श्री सेजस पोंड़ी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 03 सेट के मैच में लगातार 02 सेट जीत कर विजय प्राप्त की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला विकास प्रबंधन समिति अध्यक्ष वेद साहू रहे, अध्यक्षता चैतन्य पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर एसएन यादव ने की।

# शासन-प्रशासन व नेताओं की असंवेदनशीलता का खामियाजा भुगत रहे लोग

- जीवलेवा दुर्घटनाओं के बाद भी सरकार नहीं दिखा रही संवेदनशीलता

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शासन-प्रशासन और स्थानीय नेताओं की गैर जिम्मेदारी तथा असंवेदनशीलाता का खामियाजा लोगों को अपनी जान देकर चुकाना पड़ रहा है। वहीं दूसरी तरफ प्रदेश सरकार के नुमाईदे लोगों को बेहद सुविधाएं और सेवाएं देने के बजाए भ्रष्टाचार में लिप्त नजर आ रहे हैं।

उक्त बातें कृषि उपज मण्डी के पूर्व उपाध्यक्ष चोवाराम साहू ने जारी बयान में कहीं। उन्होने कहा कि इसे शासन-प्रशासन, स्थानीय औहदेदार जनप्रतिनिधियों और विद्युत विभाग की असंवेदनशीलता ही कहें की बीते दिनो घोरलापरवाही से जिले के सहसपुर लोहारा थाना क्षेत्र के ग्राम आमगांव निवासी दो सगे भाईयों की खेत में टूटकर गिरे पड़े करंट प्रवाहित 11 केव्ही तार की चपेट में आने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। लेकिन असंवेदनशील शासन-प्रशासन तथा विद्युत विभाग ने आज तलक इस लापरवाही की जिम्मेदारी तय नहीं की है। जबकि इस तरह की जीवलेवा जिले में कोई पहली नहीं है इससे पूर्व भी ऐसी विभाग लापरवाही का शिकार कई लोग हो चुके है और अपनी जान गवां चुके हैं। इसी प्रकार गत 5 अक्टूबर को जिले के चिल्फी थाना क्षेत्र स्थित ग्राम अकलघरिया में हुई भीषण सड़क हादसे



में मृतक कोलकता निवासी पांच लोगों के शवों को फ्रीजर तक नसीब नहीं हो पाया

। जिसके चलते पीड़ित परिवार प्रभावित शवों को अपने घर तक नहीं ले जा पाए और उन्हें कवर्धा में ही मृतों का अंतिम संस्कार करने मजबूर होना पड़ा। निश्चित रूप से जिले की इस सरकारी अव्यवस्था ने प्रदेश को देश के दूसरे राज्य में भी शर्मसार कर दिया है। श्री साहू ने कहा कि की एक तरफ प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री जिले में स्वास्थ्य सेवाओं में बढ़ोत्तरी का दम भरते हैं तो दूसरी तरफ इस तरह की घटनाओं के बाद सरकारी व्यवस्था की पोल खुल जाती है। कवर्धा कृषि उपज मण्डी के पूर्व उपाध्यक्ष चोवाराम साहू ने यह भी आरोप लगाया कि शासन-प्रशासन और स्थानीय नेताओं जनसेवा और जनसुविधाओं के विपरीत सिर्फ भ्रष्टाचार में रूचि दिखा रहे हैं।

उन्होने कहा कि अभी हाल ही में आरटीआई के हवाले से यह खुलासा हुआ है कि कवर्धा नगर पालिका में वाहन खरीदी के नाम पर लाखों का भ्रष्टाचार किया गया है। उन्होने शासन-प्रशासन की असंवेदनशीलता और भ्रष्टाचार पर सवाल उठाते हुए इस गंभीर मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने तथा भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

## छात्राओं ने प्रांतीय कबड्डी प्रतियोगिता में लहराया जीत का परचम



हरिभूमि न्यूज ⏭स. लोहारा

सरस्वती शिशु मंदिर सहसपुर लोहारा के बाल बहनों ने विभाग में प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रांतीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए बागबाहरा गए वहां अन्य विभाग के बहनों से प्रतियोगिता करते हुए अपना शानदार प्रदर्शन किया और प्रथम स्थान प्राप्त कर जीत हासिल कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

इस प्रांतीय कबड्डी प्रतियोगिता में बहन गीतांजलि योगी, लीलावती सिन्हा, आभा नायक, पूजा पटेल, विश्वनी साहू, खिलेश्वरी साहू, ईशा पटेल, लुकेश्वरी पटेल इन बहनों ने खेल शिक्षक सहिबिन मानिकपुरी दीदीजी की संरक्षण में प्रांत की प्रतियोगिता में भाग लिए प्रांत में विजय होने और क्षेत्र की प्रतियोगिता गोविंदपुरा बनखेड़ी भोपाल के स्थान बनाने पर प्राचार्य प्रहलाद सिन्हा, विद्यालय समिति के अध्यक्ष उपाध्यक्ष और सचिव सहित समस्त विद्यालय स्टाफ ने बहनों को बधाई दिए और आगे की प्रतियोगिता के लिए अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित किए।

# पंडरिया सीएमओ डॉ. अमिताभ शर्मा डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय, कोटा (बिलासपुर) के रसायन विभाग के शोधार्थी डॉ.अमिताभ शर्मा को उनके उत्कृष्ट शोध कार्य बॉटम अप अप्रोच टू सस्टेनेबल एंड लो कॉस्ट टेक्नीक फॉर डोमेस्टिक वेस्ट वॉटर मैनेजमेंट बाय लिक्विड रिसोर्स मॉडल पर डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई है। नगर के लिए यह गर्व का विषय है कि यह उपाधि उन्हें पंडरिया नगर पालिका में सीएमओ के रूप में पदस्थ रहते हुए प्राप्त हुई है। डॉ. शर्मा के शोध का मुख्य उद्देश्य घरेलू उपयोग के बाद निकलने वाले पानी को बेकार नहीं,बल्कि संसाधन के रूप में उपयोग करने पर केंद्रित है। उन्होंने अपने अध्ययन में कम लागत वाली प्राकृतिक तकनीकों,जैसे कंस्ट्रक्टेड वेटलैंड्स और बायोफिल्टर के



माध्यम से घरेलू अपशिष्ट जल के उपचार और पुनः उपयोग की दिशा में व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत किया है। इस शोध में पारंपरिक 3 आर सिद्धांत (रिड्यूस, रियूज, रिसायकल) के स्थान पर 5 आर सिद्धांत रिफ्यूज, रिड्यूज, रियूज, रिसायकल, रिचार्ज को अपनाया गया है, जो जल संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में एक नवीन पहल है। यह शोध कार्य डॉ.रश्मि वर्मा, विभागाध्यक्ष, रसायन विभाग, डॉ.सीवी रमन विश्वविद्यालय के मार्गदर्शन में पूरा हुआ। विश्वविद्यालय परिवार ने डॉ.शर्मा की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया है और विश्वास जताया है कि उनका शोध जल संसाधन प्रबंधन में उपयोगी सिद्ध होगा। डॉ. अमिताभ शर्मा वर्तमान में पंडरिया नगर पालिका जिला कबीरधाम में मुख्य नगरपालिका अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं।

## शासकीय हाई स्कूल छिरहा का हुआ विभागीय सोशल ऑडिट



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों के गुणवत्ता में सुधार के लिए चलाये जा रहे मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत शासकीय हाई स्कूल छिरहा का सोशल ऑडिट किया गया। विद्यालय में सोशल ऑडिट हेतु जिला कार्यालय द्वारा गठित पांच सदस्यीय टीम के लीडर अरुणाभ झा के नेतृत्व में विद्यालय, शिक्षक व विद्यार्थियों के लिए निर्धारित प्रश्नावली के आधार पर अंकेक्षण का कार्य किया गया। सोशल ऑडिट टीम में एसएमडीसी अध्यक्ष चैनसिंह पटेल, सरपंच सुरेश पटेल, पूर्व सरपंच राम पटेल, एसएमडीसी सदस्य भानू पटेल शामिल रहे। संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि बीस प्रश्नों के प्रश्नावली में परीक्षा परिणाम, मूलभूत सुविधा, इक्कीसवीं सदी के कौशल, गृह कार्य, पीयर लर्निंग ग्रुप, प्रयोगशाला, विज्ञान प्रदर्शनी में सहभागिता, कला उत्सव, क्रीड़ा प्रतियोगिता, योग, शिक्षण अधिगम विधियां, अतिथि व्याख्यान, ऑनलाइन शैक्षिक प्लेटफार्म, पुस्तकालय, शाला सुरक्षा, इको क्लब, पाठ्यक्रम पूर्णता, उपचारात्मक शिक्षण आदि से संबंधित प्रश्न शामिल है। सोशल ऑडिट टीम ने विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं को बारीकी से देखने के बाद शिक्षकों व विद्यार्थियों से प्रश्न पूछकर पारदर्शी रूप में ऑडिट का कार्य पूर्ण किया। इस दौरान व्याख्याता रंजीता माहेश्वरी, वीणाक्षी नामदेव एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**प्रसूति वार्ड की क्षमता वृद्धि और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के दिए निर्देश**

# कलेक्टर वर्मा ने जिला अस्पताल कवर्धा का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा।

कवर्धा जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं जनसुलभ बनाने की दिशा में जिला प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज जिला अस्पताल एवं आयुष पॉलीक्लिनिक भवन का निरीक्षण कर अस्पताल की वर्तमान व्यवस्थाओं, मरीजों को उपलब्ध सुविधाओं तथा भवन विस्तार की संभावनाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने बढ़ती मरीज संख्या को ध्यान में रखते हुए प्रसूति वार्ड की क्षमता में वृद्धि करने के लिए रिक्त आयुष पॉलीक्लिनिक भवन के प्रभावी उपयोग और चिकित्सा उपकरणों की शीघ्र शिफ्टिंग के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि अस्पताल की सेवाओं में सुधार से न केवल जिले के बल्कि आसपास के क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को भी बड़ी राहत मिलेगी।कलेक्टर श्री वर्मा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि आयुष पॉलीक्लिनिक भवन में



आवश्यक मेडिकल इक्यूपमेंट शिफ्ट कर शीघ्र सेवाएं प्रारंभ की जाएं, जिससे आसपास के क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को बेहतर सुविधा मिल सके। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने प्रसूति वार्ड में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा सिविल सर्जन को भर्ती मरीजों के बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करने, अस्पताल में सतत सफाई व्यवस्था और उपलब्ध सुविधाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.के. तुर्रे ने बताया कि कबीरधाम जिले के साथ-साथ पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश की सीमा से लगे क्षेत्रों, बेमेतरा, मुंगेली, खैरागढ़ और आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में मरीज कवर्धा जिला अस्पताल में उपचार के लिए आते हैं, जिसके कारण अतिरिक्त जगह की आवश्यकता महसूस की जा रही है। नई व्यवस्था से मरीजों को राहत मिलेगी। कलेक्टर श्री वर्मा ने इसके पश्चात आयुष पॉलीक्लिनिक भवन का निरीक्षण कर प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज के लिए अस्पताल में 220 बिस्तर की वृद्धि एवं उन्नयन कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने सिविल सर्जन और जिला आयुष अधिकारी को संयुक्त रूप से समन्वय स्थापित कर प्रसूति वार्ड में बेड वृद्धि के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री विनय पोयॉम, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री चेतन साहू, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.के. तुर्रे, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधिकारी डॉ. केशव ध्रुव, जिला आयुष अधिकारी डॉ. संजय श्रीवास्तव, आर.एम.ओ. डॉ. जितेन्द्र वर्मा, डॉ. हर्षित टुवानी, डॉ. लीना तिवारी सहित अन्य अस्पताल अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह 2025 के अंतर्गत जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

वनमंडल अधिकारी कवर्धा के निर्देशानुसार 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत वनमंडल कवर्धा के विभिन्न परिक्षेत्रों में जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गत 7 अक्टूबर को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम छपरी में भोरमदेव अभ्यारण्य कवर्धा के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा जनजागरूकता रैली निकाली गई। रैली में विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को वन्यजीव संरक्षण के महत्व की जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यालय में चित्रकला एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन



किया गया, जिसका विषय मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व रहा। वर्ष 2025 के वाइल्ड लाईफ वीक की थीम भी इसी विषय पर आधारित है। मानव और वन्यजीवों के बीच सह-अस्तित्व। विद्यार्थियों को बताया गया कि कैसे मानव और वन्यजीव परस्पर संतुलन बनाकर इस पृथ्वी पर साथ रह सकते हैं। इसी दिन वन परिक्षेत्र चिल्फी में भी वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह के अवसर पर वन भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वन परिक्षेत्र अधिकारी चिल्फी एवं प्रशिक्षु वन क्षेत्रपाल सहित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। स्कूली बच्चों को वन भ्रमण के माध्यम से वन एवं वन्यजीवों के संरक्षण, उनके महत्व एवं पर्यावरणीय संतुलन के विषय में जानकारी दी गई। वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह 2025 के दौरान भोरमदेव अभ्यारण्य कवर्धा चिल्फी परिक्षेत्र में इस प्रकार विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम, प्रतियोगिताएं एवं वन भ्रमण जैसी गतिविधियां सफलतापूर्वक संपादित की गईं।

## खबर संक्षेप

### नवपदस्थ विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय दुबे से सौजन्य भेंट-मुलाकात किया



**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रतिनिधि मंडल कवर्धा के नवपदस्थ विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय दुबे से सौजन्य मुलाकात कर गुलदस्ता भेंट किया गया। साथ ही जिले के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया। जिसमें चिकित्सा प्रतिपूर्ति, सर्विस बुक संधारण, वरिष्ठता सूची व प्रधान पाठक के 45 पदों पर पदोन्नति आदि शामिल है। इन सभी समस्याओं का निराकरण यथाशीघ्र करने का भरोसा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा दिया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष प्रेमनारायण शर्मा, प्रांतीय सदस्य राजेंद्र कुमार शर्मा, कार्यकारी जिलाध्यक्ष केशलाल साहू, जिला उपाध्यक्ष नवीन ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष लोकेंद्र चंद्रवंशी, लता चन्द्रवंशी, रानी शर्मा, झुमुक लाल बंछोर, राजेश कुमार भगत, महेश जायसवाल, संजय साहू, मनोज साहू, रवि-किशोर सिन्हा, प्रेमिश शर्मा, करन सिदार, लखीराम बरिहा, चन्द्रशेखर बघेल सहित अधिक संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### विसर्जन के बाद सभापति बिहारी धुर्वे ने कराया पंडाल स्थल की साफ-सफाई



**हरिभूमि कवर्धा।** नगर पालिका कवर्धा के सभापति एवं वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद बिहारी धुर्वे ने नवरात्रि पर्व के समापन अवसर पर माता रानी के विसर्जन के बाद पंडाल स्थल की साफ-सफाई अभियान चलाया गया। नवरात्रि में वार्ड व क्षेत्र में बने पूजा पंडालों के आसपास विसर्जन उपरांत फैली गंदगी को देखते हुए सभापति ने स्वयं मौके पर पहुंचकर साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और कर्मचारियों को तुरंत सफाई करने के निर्देश दिए। श्री धुर्वे के निर्देशन में नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों ने पंडाल स्थल के आसपास जमा कचरा, फूल-मालाएं और प्लास्टिक सामग्री को हटाकर क्षेत्र को पूरी तरह साफ किया। साथ ही मच्छर एवं दुर्गंध की रोकथाम के लिए दवाई का छिड़काव भी कराया गया। सभापति बिहारी धुर्वे ने इस अवसर पर कहा कि धार्मिक आयोजनों के बाद स्वच्छता बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने वार्डवासियों से अपील की कि किसी भी कार्यक्रम या उत्सव के बाद सफाई व्यवस्था में नगर पालिका का सहयोग करें। उनके इस त्वरित कदम की वार्डवासियों और स्थानीय नागरिकों ने सराहना की तथा नगर पालिका की तत्परता की प्रशंसा की।

### पथर्रा में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अंतर्गत सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम संपन्न



**हरिभूमि कवर्धा।** बुधवार को संकुल पथर्रा अंतर्गत शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक व हाई स्कूल में शासन प्रशासन के योजनांतर्गत मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता सामाजिक अंकेक्षण सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। विद्यार्थियों, शिक्षक और विद्यालय से संबंधित 20 बिंदु में सवाल थे। संकुल के विद्यार्थियों का जवाब औसत से बेहतर रहा मौखिक सवाल बच्चों से किया गया 20 बिंदुओं में जिसमें विद्यार्थी अपने घर में पढ़ाई का कोना, सजीव निर्जीव के सम्बन्ध में, अंग्रेजी शब्दों से वाक्य निर्माण, ग्लोब और मानचित्र में देश की स्थिति, इको क्लब, विद्यार्थी एवं शिक्षकों की उपस्थिति, विद्यार्थी का गृहकार्य, विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगिता परीक्षा जैसे इंस्पायर्ड अवार्ड, एनएमएमएसई व मध्यान्ह भोजन जैसे महत्वपूर्ण बिंदु में सामाजिक अंकेक्षण के लिए जिला स्तर से गठित टीम द्वारा किया गया। उपस्थित पालकों द्वारा सामान्य ज्ञान, स्वच्छता, जोड़-घटाव जैसे मौखिक सवाल बच्चों से किया गया। जिसमें ग्राम पटेल कुमार साहू, उप सरपंच नंदराम साहू, पंच श्रीमती गंगा साहू, सुमित्रा साहू, एसएमसी अध्यक्ष श्रीमती दुखिया, अयोध्या साहू, सदस्य तुलेश्वरी, मधु, सुकृति, राजकुमारी साहू, रेवती, राजवंती रजन, भोलाराम साहू, अशोक साहू, अयोध्या साहू, फेरू साहू, मोहित, हरि सहित पालक गण, संकुल समन्वयक रामसिंह साहू, प्रधान पाठक कपूर चंद्रवंशी, श्रीमती एलवीना विलसन, शिक्षक शिवकुमार चंद्रवंशी, कौशल प्रसाद, युगल-किशोर साहू, नंदकिशोर साहू, महारानी साहू, रसोईया और छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

### पेण्ड्रीकला में जल परीक्षण कर जल संरक्षण के बारे में ग्रामीणों को किया जन-जागरूक



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला पेण्ड्रीकला में मंगलवार को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने जल जीवन मिशन कवर्धा से संजय ध्रुव द्वारा स्कूल परिषर के हैंड पंप के पानी में (पीएच) मान और (आयरन) की मात्रा को बच्चों और शिक्षको के बीच परीक्षण कर बताया गया। साथ ही साथ जल संरक्षण की आवश्यकता है, क्योंकि स्वच्छ जल एक सीमित और अमूल्य संसाधन है जो बढ़ती जनसंख्या, औद्योगिकीकरण और जलवायु परिवर्तन के कारण दुर्लभ हो रहा है और इससे ऊर्जा की भी बचत होती है और पारिस्थितिकी तंत्र भी सुरक्षित रहता है। जल संरक्षण के उपाय में घरों में रिसाव ठीक करना, जल-कुशल उपकरणों का उपयोग करना, नहाने के समय कम करना, वर्षा जल संचयन करना और सिंचाई के लिए ड्रिप सिंचाई जैसी तकनीकों का उपयोग करना शामिल है। उन्होने बताया कि जल संरक्षण घरों में रिसाव की मरम्मत-नलों और पाइपों से होने वाले किसी भी रिसाव को तुरंत ठीक करें, क्योंकि टपकते नल बहुत पानी बर्बाद कर सकते हैं। ब्रश करते समय और नहाते समय जब नल का उपयोग न हो रहा हो, तो उसे बंद कर दें, वाशिंग मशीन और डिशवॉशर का उपयोग तभी करें जब वे पूर्ण लोड पर हों, इससे पानी की बचत होती है। सब्जियों और फलों को धोने में उपयोग किए गए पानी को पौधों को सींचने के लिए उपयोग करें साथ ही शॉवर का समय कुछ मिनट कम करने से बहुत पानी बचाया जा सकता है।

# खैरबना कला स्कूल में छात्राओं को साइकिल वितरित की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

शासन प्रशासन की महत्वाकांक्षी योजना सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत ग्रामीण छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने और विद्यालय तक आसानी से पहुंचने के उद्देश्य से साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन खैरबना कला हाई स्कूल में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू उपस्थित थें, कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल ने की। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने छात्राओं को साइकिल वितरण करते हुए कहा कि यह योजना ग्रामीण बालिकाओं की शिक्षा को सशक्त बनाने में मील का पत्थर साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि साइकिल मिलने से छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी और पढ़ाई के प्रति उनकी रुचि बढ़ेगी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि लोकचंद साहू, जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, सुदर्शन साहू, आधार साहू, लखन पटेल, मीनू साहू, नरेश साहू, सरपंच सुरेश साहू, उपसरपंच छग्गन साहू, पंच लाभ सिंह, स्कूल प्राचार्य, शिक्षकगण एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

### आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सशक्त कदमः नितेश अग्रवाल



कार्यक्रम की अध्यक्षता व भाजपा जिला उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि शासन की यह योजना ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम है। उन्होंने बालिकाओं को मेहनत और लगन से शिक्षा प्राप्त कर समाज में अपनी अलग पहचान बनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों और शिक्षकों ने भी छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का समापन पर आभार व्यक्त और सामूहिक छायाचित्र के साथ हुआ।

### पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सत्ता सरकार के विरूद्ध जमकर नारेबाजी की

# ब्लॉक कांग्रेस कुण्डा ने बिजली कार्यालय का किया घेराव व तालाबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा

जिले में बढ़ते बिजली बिल और महंगी बिजली के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कुण्डा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को बिजली कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शन में पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं ने जमकर सत्ता सरकार के विरूद्ध जमकर नारेबाजी की। प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर जिला कांग्रेस कबीरधाम के निर्देशानुसार ब्लॉक अध्यक्ष उतरा दिवाकर के नेतृत्व में पूर्व विधायक पंडरिया श्रीमती ममता चंद्राकर एवं पूर्व सदस्य रजक कल्याण बोर्ड भुनेश्वर निर्मलकर के उपस्थिति में प्रदेश में बिजली बिल वृद्धि को कम करने एवं हॉफ बिजली बिल योजना पुनः लागू करने भाजपा सरकार के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं बिजली कार्यालय कुण्डा का घेराव कर ताला बंदी किया गया। ब्लॉक कांग्रेस द्वारा बस स्टैंड कुण्डा में सैकड़ों कांग्रेसियों के साथ धरना प्रदर्शन कर भाजपा सरकार के खिलाफ नारे बाजी करते हुए रैली के रूप में बिजली कार्यालय पहुंचकर कार्यालय का घेराव कर तालाबंदी की गई एवं कनिष्ठ अभियंता को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। उक्त धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में पूर्व विधायक ममता चंद्राकर, ब्लॉक अध्यक्ष उतरा दिवाकर, पूर्व सदस्य रजक कल्याण बोर्ड भुनेश्वर रजक, आरती सुमन, दिलीप चंद्रवंशी, राजेश चंद्रवंशी, बद्रीनाथ खांडे, प्रशांत खांडे, रामजी चंद्रवंशी, गेंदालाल चंद्रवंशी, ब्लॉक अध्यक्ष अजा कांग्रेस मनोज भास्कर, भरत साहू, अंशु साहू, सुमित पाल खनूजा, रामखिलावन साहू, ओंकार साहू, कलम सिंह कोशले, मनोहर टोंडर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थें।



### बिजली बिल छूट को सरकार पुनः लागू करेः ममता

पूर्व विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर ने कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार को आड़े हाथ लिया, पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा जनता को दी जाने वाली बिजली बिल छूट को सरकार पुनः लागू करे, उन्होने कहा पूर्ववर्ती कांग्रेस के भूपेश सरकार ने जनता को राहत देते हुए बिजली बिल हाफ योजना लागू किया था, पूर्ववर्ती भूपेश सरकार ने प्रदेश की जनता को 400 यूनिट तक बिजली बिल में राहत दिए। श्रीमती चंद्राकर ने कहा वर्तमान भाजपा सरकार ने लगातार चौथी बार बिजली बिल में वृद्धि कर आम जनता की कमर तोड़ दी है। श्रीमती चंद्राकर ने कहा भाजपा सरकार एक तरफ तो जनता की हितैषी बताती है और दूसरी तरफ जनता की रोजमर्रा की चीजों के दर में बार-बार वृद्धि कर जनता को जोर का झटका धीरे से दे रही है, इसका भुगतान भाजपा को आने वाले विधानसभा चुनाव में भुगतना पड़ेगा।

### भाजपा सरकार बिजली बिल छूट योजना लागू नहीं की तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगीः उतरा दिवाकर

ब्लॉक अध्यक्ष कुण्डा उतरा दिवाकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस के भूपेश सरकार के द्वारा लागू बिजली बिल हाफ योजना को भाजपा सरकार के द्वारा पूर्णता बंद कर दिया गया और निरंतर बिजली दर में वृद्धि कर उपभोक्ताओं को आर्थिक परेशानी में डाल दिया गया है। श्री दिवाकर ने कहा पूर्व भूपेश सरकार के द्वारा जनता को बिजली में मिलने वाली छूट को बंद कर दो वर्ष में चौथी बार वृद्धि कर उपभोक्ताओं में हाहाकर मचा दिया है अगर सरकार बिजली छूट योजना लागू नहीं करता है, तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करने बाध्य होगा। कांग्रेस हमेशा से जनता की लड़ाई लड़ता आ रहा है और आगे भी लड़ता रहेगा।

# सैगोना विद्यालय की व्यवस्था उत्कृष्ट, बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता संतोषजनक



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

शासकीय प्राथमिक शाला सैगोना में बुधवार को सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक एवं इतिहासकार आदित्य श्रीवास्तव को विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, मध्यान्ह भोजन व्यवस्था, पर्यावरणीय स्थिति और आंगनबाड़ी केंद्र की गतिविधियों की गहन जांच की गई।

अंकेक्षण टीम में सोशल ऑडिट प्रमुख श्रीमती शीलारानी सिन्हा (प्रधान पाठिका, समनापुर), शिक्षिका नीलिमा त्रिपाठी, एसएमसी अध्यक्ष श्रीमती पटेल, तथा ग्राम पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए। टीम ने बच्चों की पढ़ाई, अनुशासन, स्वच्छता और पोषण से जुड़ी व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि विद्यालय का अधिगम स्तर अपेक्षित स्तर पर है, बच्चों का सामान्य ज्ञान सराहनीय है तथा शिक्षकों द्वारा नियमित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य किया जा रहा है। मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता भी उत्तम पाई गई और रसोईघर में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाता है। विद्यालय परिषर की साफ-सुथरा, सुव्यवस्थित और बच्चों के अनुकूल वातावरण प्रदान करता है। आंगनबाड़ी केंद्र में भी बच्चों की उपस्थिति संतोषजनक रही, जहां पोषण एवं देखभाल व्यवस्था उचित पाई गई।

विशेषज्ञ आदित्य श्रीवास्तव ने कहा कि इस प्रकार के सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम शिक्षा में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुधार के समुदाय के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इससे शिक्षकों और समुदाय दोनों की जवाबदेही बढ़ती है। सोशल ऑडिट प्रमुख श्रीमती शीलारानी सिन्हा ने कहा कि अंकेक्षण से प्राप्त सुझावों पर अमल कर विद्यालय को और बेहतर बनाने का प्रयास किया जाएगा।

# सौर पंप खराब पेयजल संकट से जूझ रहे ग्रामीण

### नदी या झील से पेयजल लाने मजूबर



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुई कुकदूर

ग्राम कांदावानी अंतर्गत बाहपानी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के पास लगा सौर ऊर्जा संचालित वॉटर पंप पिछले कुछ दिनों से खराब हो गया है, जिससे पूरे मोहल्ले के ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि यह पंप गांव में पेयजल आपूर्ति का एकमात्र साधन था, जिससे आंगनबाड़ी केंद्र और आसपास के परिवारों की जरूरतें पूरी होती थीं। लेकिन हाल ही में बिजली के कड़कने (गर्जना) के दौरान मोटर जल गई और नीचे गिर गई। इसके बाद से पानी की आपूर्ति पूरी तरह ठप है। जिस पर सरपंच, सचिव ग्राम पंचायत कांदावानी, तुलाराम भट्ट, ग्रामीण रामसाय, सुंदरीबाई, बुधवारिन बाई, जेठी बाई, मनवाई, भूकलू यादव, सुभमल, कोरीबाई, मूनबाई सहित रहवासियों ने बताया कि अब उन्हें प्रतिदिन एक किलोमीटर दूर नदी या झील से पानी लाना पड़ रहा है। जिससे नल का पानी गंदा होने के कारण कई ग्रामीणों की तबियत भी बिगड़ने लगी है। ग्रामीणों का कहना है कि जब उन्होंने विभाग के अधिकारियों से नया मोटर लगाने की मांग की, तो विभाग ने साफ मना कर दिया। अधिकारियों के अनुसार नया मोटर विभाग से नहीं मिलेगा और इसकी कीमत करीब 90 हजार रुपए है। जिस पर ग्रामवासियों ने विधायक से मांग की है कि आंगनबाड़ी केंद्र बाहपानी के सामने सौर ऊर्जा संचालित पंप में नया मोटर लगवाने की अपील की गई, ताकि ग्रामीणों और बच्चों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा फिर से मिल सके।

# करवा चौथ के लिए बाजारों में रौनक, मिट्टी के करवा की बढ़ी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर



कवर्धा में करवा चौथ के लिए बाजार में रौनक और सजावट देखने को मिल रही है, जैसे कि प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष त्यौहार के दौरान होता है। इस वर्ष 2025 में करवाचौथ 10 अक्टूबर को है और बाजार में पहले से ही चहल-पहल शुरू हो गई है। कवर्धा बाजार में करवाचौथ की सजावट में मुख्य रूप से सोलह श्रृंगार का सामान, सौंदर्य प्रसाधन, रंगीन चूड़ियां, मेहंदी की सामग्री, मिट्टी और पीतल के करवे, डिजाइनर साड़ियां और लहंगे, पूजा की थालियां, साथ ही सजावटी सामान शामिल हैं, जिनकी खरीददारी के लिए महिलाओं की भीड़ देखी जा सकती है, जिससे बाजारों में रौनक और बढ़ गई है। बाजारों में इन सामाग्रियों की खरीददारी के लिए महिलाओं की भारी भीड़ देखी जा रही है, जिससे व्यापारियों को अच्छा व्यापार होने की उम्मीद है और उनमें खुशी का माहौल है। करवा चौथ के पर्व की तैयारी के कारण कई दिनों से सूने पड़े बाजार में रौनक लौट आई है, खासकर त्यौहारी सीजन के चलते व्यापारियों के चेहरे खुशी से खिल उठे हैं।

### मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अंकेक्षण कार्य चिमरा-सरेखा स्कूल में कार्यक्रम संपन्न



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिमरा और सरेखा में बुधवार को नियमानुसार निर्धारित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अंतर्गत निर्धारित-20 बिंदुओं पर अंकेक्षण कर्ता अधिकारी नकुल वर्मा, मनोज चंद्रवंशी ने स्कूल में आमंत्रित पालको, सरपंच गण, शाला विकास समिति, ग्राम के गणमान्य जन की उपस्थिति में बच्चों की पढ़ाई का स्तर, कक्षा अनुरूप हिंदी, गणित, अंग्रेजी विषयों का आंकलन, पुस्तकालय, विद्यार्थियों का पढ़ने का कोना, बच्चों द्वारा गृह कार्य करने ना करने संबंधी, स्कूल में छात्राओं एवं शिक्षकों की नियमित उपस्थिति जैसे विषयों में समस्त जनों के विचार रखे गए। सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक दिलीप सिंह ठाकुर को नियमानुसार कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया। मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता वर्ष में कक्षा अनुरूप दक्षता प्राप्ति के लिए श्री ठाकुर ने कमजोर बच्चों का चिन्हाकन, छात्राओं के सर्वांगीण विकास में सहायक खेल अभ्यास, मध्यान भोजन, सांस्कृतिक एवं अभिव्यक्ति की समस्त जानकारियां देते हुए स्कूलों में गुणवत्ता वर्ष में निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने शिक्षकों, छात्राओं और पालको को परस्पर सहयोग करने की अपील की। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सरपंच श्रीमती राजकुमारी बिसे भट्ट, उप सरपंच लिखो साहू, समारू राम, दीपचंद साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष रम्हन साहू साथ ही साथ माता सरस्वती की वंदना करते हुए कार्यक्रम का समापन परस्पर मैत्रीपूर्ण एवं सहयोग की भावना के संकल्प के साथ समापन किया गया।

